# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




गिरिडीह में वृद्ध दंपति को लुटने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार


• बोकारो, शनिवार 16 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 356 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


### मुख्यमंत्री से मिले झारखंड प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव पद पर नवप्रोन्नत अधिकारी

# जनता तक पहुंचाएं विकास की योजनाएं : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव पद पर नवप्रोन्नत अधिकारियों ने मुलाकात की। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित इस शिष्टाचार भेंट के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सभी नवप्रोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सरकार की जनहितकारी योजनाओं, सुशासन और विकासात्मक कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि जनता के विश्वास और अपेक्षाओं से जुड़ा दायित्व भी है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने नवप्रोन्नत अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय व जनसरोकारों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले अधिकारियों में प्रवीण प्रकाश, विद्या भूषण कुमार, सचिंद्र बड़ाईक, प्रेम तिवारी, सत्यवीर रजक, सुमन पाठक, अमित बेसरा, महेंद्र कुमार, मोनी कुमारी, मोनिका रानी टूटी, रंजीत लोहरा, विजय विरुआ, मनीषा तिर्की, एनी सरोजिनी तिर्की और गीतांजलि शामिल थे। राज्य सरकार के मुताबिक, नवप्रोन्नत अधिकारियों को प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा विकास योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। माना जा रहा है कि इन अधिकारियों की नई भूमिका से शासन व्यवस्था को और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित जनहित और सुशासन के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाएंगे। साथ ही विकासात्मक योजनाओं का लाभ आम जनता तक पारदर्शी और त्वरित तरीके से पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सभी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वे राज्य के विकास और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे।

## झारखंड में एसआइआर से पहले सर्वदलीय बैठक 22 को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मतदाताओं का विशेष गहन पुनरीक्षण आगामी 30 जून से शुरू हो रहा है। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद राज्य का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय इसकी तैयारी में जुट गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार राज्य में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आगामी 22 मई को राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी और बीएलए प्रशिक्षण को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारियों की बैठक होगी जिसमें तैयारी की समीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में आगामी 23 मई को मतदान केंद्रों पर सभी अनमैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची में उनके बीएलओ के नाम और नंबर भी छपे होंगे। भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक झारखंड में 30 जून से घर-घर वोटर का वेरिफिकेशन का काम किया जाएगा जो 29 जुलाई तक चलेगा। एसआइआर के लिए 29571 बीएलओ लगाए जायेंगे, जिन्हें 2,64,89,777 मतदाता की पहचान करने की जिम्मेदारी होगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में 21644 बीएलए हैं जिन्हें मतदाता गहन पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। ये बीएलए राजनीतिक दलों के द्वारा नामित हैं जिनका प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोग द्वारा चलाया जायेगा। चुनाव आयोग द्वारा जारी शिड्यूल के अनुसार 29 जुलाई को मतदान केंद्रों का पुनरीक्षण होगा और 5 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित होगा।

## खलारी समेत छह थानों में नए प्रभारियों की तैनाती

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी में एक साथ कई थाना प्रभारियों का तबादला कर दिया गया है। खलारी, बुंडू, जगन्नाथपुर समेत कुल सात थाना प्रभारी बदले गए हैं। इस संबंध में सीनियर एसपी राकेश रंजन के द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। राजधानी की पुलिसिंग में कई बदलाव किए गए हैं। इसके तहत इंस्पेक्टर स्तर के छह थानों के थानेदार बदले गए हैं। जिन थाना प्रभारियों के तबादले हुए हैं उनमें से अधिकांश को दूसरे थानों का थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं यातायात थाना प्रभारी को पुलिस लाइन में भेज दिया गया है। डेली मार्केट थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह को जगन्नाथपुर, जगन्नाथपुर के थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह को डेली मार्केट, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा को खलारी, खलारी थाना प्रभारी जयदेव टोप्पो को बुंडू, यातायात थाना प्रभारी जगन्नाथपुर इम्तियाज अहसन को पुलिस केंद्र, ओरमांझी थाना प्रभारी शशि भूषण चौधरी को यातायात थाना प्रभारी जगन्नाथपुर एवं मनोज कुमार (एक) को पुलिस केंद्र से ओरमांझी थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। रांची के सीनियर एसपी की ओर से जारी किए गए आदेश में अविलंब नव पदस्थापन स्थल पर योगदान देकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

## हत्या मामले में दो को उम्रकैद

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय ने हत्या के मामले में दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडीजे-1 दीपक बरनवाल की अदालत ने मुख्य अभियुक्त सनोज सिंह और उसके सहयोगी अजीत सिंह को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा सुनाने के दौरान मृतक के परिजन भी कोर्ट में उपस्थित थे। मृतक के परिजनों ने कहा कि हमें कोर्ट पर भरोसा था। दोषी को सजा मिलने से कोर्ट के ऊपर भरोसा और बढ़ गया। इसकी जानकारी अपर लोक अभियोजक सर्वेश आनंद सिंह ने दी। अपर लोक अभियोजक के अनुसार 19 मई 2023 को चास थाना क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी में विष्णु शर्मा की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विष्णु शर्मा फुदनीडीह गांव का निवासी था। आरोप था कि सनोज सिंह और अजीत सिंह ने उसे अपने शिवपुरी कॉलोनी स्थित घर पर शाम करीब 6 बजे बुलाया और वहां गोली मारकर हत्या कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में 13 गवाहों की गवाही कराई गई। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि इस कांड के अनुसंधानकर्ता अजय उपाध्याय ने बेहतर तरीके से जांच की जिसके आधार पर अदालत ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाया। अदालत ने दोनों दोषियों को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अपर लोग अभियजक सर्वेश आनंद सिंह ने कहा कि धारा 201 के तहत 7 साल और आर्म्स एक्ट के तहत भी 7 साल की सजा सुनाई गई है।

## वृद्ध दंपति को लुटने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** वृद्ध दंपति से लूट मामले में पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में जमुआ थाना क्षेत्र के मिर्ज़ागंज निवासी बिनोद कुमार साव, कोडरमा जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के पचमो निवासी गुड्डू कुमार लहेरी और गिरिडीह जिले के तिसरी थाना अंतर्गत चंदौरी निवासी नंदकिशोर रविदास उर्फ मंटू शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की राशि में से 11 हजार एक सौ रुपये बरामद किया है। इसके अलावा लूट में प्रयुक्त बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। तीनों की गिरफ्तारी की पुष्टि खोरी महुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने की है। बता दें कि जमुआ चौक पर थाना रोड में बंशी साव की दुकान है। बंशी यहीं चावल बेचते हैं। 75 वर्षीय बंशी अपनी 70 वर्षीय पत्नी और दो अन्य लोगों के साथ रहते हैं। तीन दिनों पूर्व 12 मई की शाम लगभग 8:15 बजे जब दुकान का शटर बंद कर बंशी अपने घर के अंदर चला गया था तो उसी वक्त उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करनेवाले ने दो पेटी चावल खरीदने की बात कही। बंशी ने दुकान का शटर उठा दिया। दुकान का शटर उठते ही मुंह पर मास्क लगाए अपराधी अंदर घुसे। बंशी और उसकी पत्नी की पिटाई कर डाली। पिटाई के बाद 50 हजार रुपये और सोने का चेन लूट लिए।




# पेपर लीक मामले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** नीट परीक्षा रद्द होने एवं पेपर लीक मामले को लेकर शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा हजारीबाग के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार एवं भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल नीट का पेपर लीक होना और बाद में परीक्षा रद्द होना केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था की पूरी विफलता को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार प्रतियोगी परीक्षाएं भ्रष्टाचार, लापरवाही और पेपर माफियाओं की भेंट चढ़ रही हैं, जबकि सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के युवाओं के भविष्य को मजाक बनाकर रख दिया है। लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन केंद्र सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है।






उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ भाषण और विज्ञापन में चल रही है, जमीनी स्तर पर शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। नीट परीक्षा रद्द होना इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार परीक्षा कराने तक में सक्षम नहीं रह गई है। उन्होंने आगे कहा कि पेपर लीक कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि संगठित भ्रष्टाचार का हिस्सा बन चुका है और भाजपा सरकार पेपर माफियाओं पर कार्रवाई करने के बजाय अपनी छवि बचाने में लगी हुई है। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि आज देश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। वर्षों की कठिन मेहनत और अभिभावकों की उम्मीदों के बाद छात्र परीक्षा देते हैं, लेकिन भाजपा शासन में हर बड़ी परीक्षा विवाद और घोटालों का शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और अब उनकी परीक्षाओं की विश्वसनीयता भी समाप्त कर रही है। नीलकंठ महतो ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा और युवाओं के मुद्दों पर पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। एक तरफ छात्र आत्मिक तनाव और भविष्य की चिंता से जूझ रहे हैं, वहीं केंद्र सरकार जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो झामुमो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन को और तेज करेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, जिला सचिव नीलकंठ महतो, केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रंजीत मेहता , जिला प्रवक्ता कुणाल यादव, सह सचिव अब्दुल्ला खां, नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश, नगर सचिव निसार अहमद, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र मेहता , रवि सिंह, रामकुमार मेहता, बीरबल मेहता, सोहन मेहता, मुकेश रावत, बल कुमार महतो, राजेश मेहता, अख्तर अंसारी, बबलू चंद्रवंशी, रीना कुमारी, प्यारी देवी, उमेश प्रसाद गुप्ता, साजमा खातून, राजीव वर्मा, रिक्की लकड़ा, पिंटू कुमार, रंजीत कुमार, सतीश कुमार, विपुल कुमार गोलू कुमार, अजय मेहता, ऋषि मेहता, दिलीप कुमार, श्वेता दुबे, शानू गोस्वामी, अभिजीत कुमार, रोहित कुमार, आयुष कुमार, आनंद कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

# पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ 18 से 25 मई तक चलेगा अभियान : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में आदिवासी एवं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह पीविटीजीएस के कल्याण के लिए 18 मई से 25 मई 2026 तक विशेष जागरूकता एवं लाभुक संतृप्तिकरण अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने दी। इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं उपायुक्त ने बताया कि यह अभियान जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी समुदायों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा उन्हें योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करना है अभियान के तहत जिले के चिन्हित पीवीटीजी गांवों में बेनिफिशियरी सैचुरेशन कैंपह्व आयोजित किए जाएंगे।



इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच, विभिन्न योजनाओं से जोड़ने, आधारभूत सुविधाओं की जानकारी देने, शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा उपायुक्त ने बताया कि 18 मई को ह्लजन भागीदारी सप्ताहह्व के शुभारंभ के साथ अभियान की शुरूआत होगी। इसके बाद 19 मई से 25 मई तक गांवों में नियमित रूप से संतृप्तिकरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। 20 मई को ह्लविलेज इमर्शन ड्राइव ए विलेज कॉन्टैक्ट एक्टिविटीह्व के तहत अधिकारी, कर्मयोगी एवं सामाजिक संगठन गांवों का भ्रमण कर वहां की वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगे तथा लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगे इसके अलावा 21 मई से 23 मई तक जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर शिकायतों के त्वरित समाधान एवं लंबित मामलों के निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 24 मई को अभियान से संबंधित दस्तावेजीकरण एवं प्रगति प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जबकि 25 मई को समाहरणालय में समीक्षा एवं डी-ब्रीफिंग बैठक आयोजित कर अभियान की उपलब्धियों, चुनौतियों एवं भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी उपायुक्त रामनिवास यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अभियान को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र लाभुक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मईया सम्मान योजना के सत्यापन फॉर्म वितरण में लापरवाही का आरोप, लाभुक परेशान

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** जिले के मेदिनीनगर सदर प्रखंड क्षेत्र में मईया सम्मान योजना के सत्यापन फॉर्म वितरण को लेकर भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। सदर प्रखंड के खनवा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका पर लाभुकों ने फॉर्म देने में आनाकानी और इधर-उधर भटकाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, योजना की लाभुक जोया अहमद और गुलिस्तां शमा सत्यापन फॉर्म लेने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं। आरोप है कि केंद्र की सेविका पार्वती देवी ने पहले कहा कि फॉर्म आया है, थोड़ी देर में दिया जाएगा। दोबारा मांगने पर सेविका ने बताया कि फॉर्म दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र में भेज दिया गया है, जिसे महेंद्र राम की पत्नी संचालित करती हैं। लाभुक जब वहां पहुंचीं तो उन्हें बताया गया कि उनके नाम का कोई फॉर्म उस केंद्र में नहीं आया है। इसके बाद उन्हें ग्राम जोड़ जाकर पता करने की सलाह दी गई, लेकिन वहां भी फॉर्म नहीं मिला। परेशान लाभुक दोबारा पार्वती देवी के पास पहुंचीं तो सेविका ने कथित तौर पर कहा कि यहां से कई फॉर्म जुबैर अंसारी और वारिस अंसारी लेकर चले गए हैं, उसी में उनका भी फॉर्म चला गया होगा। इस घटना के बाद सवाल उठ रहे हैं कि आंगनबाड़ी केंद्र से किसी बाहरी व्यक्ति को लाभुकों के सत्यापन फॉर्म कैसे दे दिए गए। लाभुकों का आरोप है कि योजना के तहत कई महिलाओं और छात्राओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है तथा कुछ मामलों में पैसे के लालच में फॉर्म देने में टालमटोल की जा रही है।

### नीट पेपर लीक किसी आतंकवादी घटना से कम नहीं : गोपाल सिंह

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** पलामू जिला कांग्रेस प्रवक्ता गोपाल सिंह ने कहा कि नीट का पेपर लीक हुआ नहीं, कराया गया है। यह लाखों छात्रों के भविष्य के खिलाफ सुनियोजित साजिश है। भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को माफियाओं और दलालों के हवाले कर दिया है। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के मां बाप कर्ज लेकर अपने बच्चों को पढ़ाते हैं। कोई जमीन बेचता है, कोई गहने गिरवी रखता है, कोई अपनी पूरी जिंदगी की कमाई बच्चों की पढ़ाई में लगा देता है। मगर भाजपा सरकार ने उन सपनों को बेरहमी से कुचलने का काम किया है। जिन बच्चों ने रात रात भर जागकर मेहनत की, उनकी मेहनत को सत्ता संरक्षित पेपर माफियाओं और भ्रष्ट तंत्र के दलालों के पैरों तले रौंद दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि यह कोई साधारण अपराध नहीं है। यह देश के विद्यार्थियों के भविष्य की हत्या है और इस हत्या की जिम्मेदार केंद्र सरकार है। लगातार पेपर लीक, परीक्षा रद्द और भ्रष्ट नेटवर्क का बच निकलना साबित करता है कि बिना राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा खेल संभव नहीं है। यह घटना किसी आतंकवादी घटना से कम नहीं है, क्योंकि इसमें सीधे लाखों विद्यार्थियों के भविष्य पर हमला किया गया है। गोपाल सिंह ने कहा कि परीक्षा माफियाओं ने जितने बच्चों का भविष्य बर्बाद किया है, उसकी नैतिक जिम्मेदारी सीधे प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर है। कुछ बच्चों ने आत्महत्या कर ली। यह आत्महत्या नहीं, सरकार की नीतियों और संरक्षण प्राप्त भ्रष्टाचार द्वारा की गई हत्या है।

### झारखंड का गौरव बना गिरिडीह का छात्र, सीबीएसई कॉमर्स में राज्य टॉपर

**गिरिडीह (नबिटासं)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसील के छात्र अवि गोयल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। अवि ने 500 में से 497 अंक प्राप्त करते हुए 99.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ वह कॉमर्स संकाय में झारखंड राज्य टॉपर बने हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान पर अपनी जगह बनाई है अवि गोयल की सफलता से विद्यालय, अभिभावकों और पूरे जिले में खुशी का माहौल है।



उनकी उपलब्धि को लेकर शिक्षकों ने कहा कि अवि शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर और मेहनती छात्र रहे हैं अवि के विषयवार अंक इस प्रकार हैं अकाउंटेंसी : 100/100 इकोनॉमिक्स : 100/100 पेंटिंग : 100/100 बिजनेस स्टडीज : 99/100 अंग्रेजी : 98/100 विद्यालय प्रबंधन ने अवि की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। अवि ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का सपना देखने वाले अवि की इस उपलब्धि पर जिलेभर से बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

### कटिहार शहर के नागरिकों को नगरीय सुविधा पहुंचाने के प्रति प्रतिबद्ध : तारकिशोर प्रसाद

**कटिहार (नबिटासं)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या एक में अपने विधायक कोष से दो पीसीसी पथ क्रमशः कनवा टोला में हीरा देवी के घर से टेंपो




स्टैंड तक तथा रंजना झा के घर से संतोष भगत के घर तक का उद्घाटन शिलापट अनावरण कर किया। इन पथों के निर्माण की लागत राशि लगभग 24 लाख रुपए हैं। इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री के संग महापौर उषा देवी अग्रवाल, उप महापौर मंजूर खान, निगम पार्षद मुनीलाल उरांव भाजपा नेता वीरेंद्र यादव, बबलू गुप्ता, चंद्रशेखर जायसवाल, सतीश ठाकुर, राजू चौहान, विकास राय के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय मोहल्ला वासी उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कटिहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत न केवल नगर निगम के क्षेत्र की बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का जाल बिछाया गया है। नगर की मूल समस्या जल जमाव की रही है जिसके लिए उन्होंने अपने वित्त मंत्रीत्व काल में स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण की स्वीकृति दी जो निमार्णाधीन है।इसके निर्माण से नगर में जल जमाव की समस्या का स्थाई निदान हो जाएगा।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत आपूर्ति तथा राजस्व से जुड़े मामलों को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे उपायुक्त ने सभी मामलों को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा



कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनता दरबार प्रशासन एवं नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का निष्पादन समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। जनता दरबार के दौरान कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी किया गया, जबकि गंभीर एवं लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया गया इस दौरान उपायुक्त ने ह्लजन समाधान पोर्टलह्व की उपयोगिता पर विशेष बल देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विकसित यह पोर्टल शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि अब नागरिक अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर घर बैठे उसकी स्थिति ट्रैक कर सकते हैं। इससे शिकायत निवारण प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी उपायुक्त ने बताया कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी उन्होंने आमजनों से अधिक से अधिक ह्लजन समाधान पोर्टलह्व का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह व्यवस्था शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ उसकी पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाती है।

# पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि जनता पर सीधा कुठाराघात : राजेश यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डीजल पेट्रोल की कीमतों में हुई वृद्धि को लेकर पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं फारवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों को देश की जनता पर सीधा कुठाराघात बताया है राजेश यादव ने कहा कि देश की जनता पहले से ही बढ़ती महंगाई की मार झेल रही है और केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि पिछले 42 महीनों में थोक महंगाई दर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुकी है, जिसका सीधा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। ऐसे में डीजल-पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि लोगों की परेशानियों को और बढ़ाने का काम करेगी उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईरान संकट का बहाना बनाकर अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रही है, लेकिन अब देश की जनता सच्चाई समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में भी रूस और ईरान भारत को सस्ता तेल, गैस और उर्वरक उपलब्ध कराने को तैयार हैं, बावजूद इसके सरकार अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण इसका लाभ नहीं ले रही है।राजेश यादव ने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि महंगाई से त्रस्त जनता को राहत देने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

# समय पर उपस्थिति और योजनाओं में तेजी लाएं, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : निदेशक डीआरडीए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार शुक्रवार को निदेशक डीआरडीए रंथू महतों ने जमुआ प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, अबुआ आवास योजना, बायोमेट्रिक अटेंडेंस एवं अन्य विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।समीक्षा बैठक के दौरान निदेशक डीआरडीए ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के लंबित मामलों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी योग्य लाभुकों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि आवास योजनाएं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल हैं और इसमें




किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा उन्होंने लाभुकों के लंबित भुगतान, निर्माण कार्य की प्रगति तथा जियो टैगिंग की स्थिति की भी जानकारी ली। वहीं मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए अधिकाधिक मानव दिवस सृजित करने, योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर पूर्ण कराने तथा मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया निदेशक डीआरडीए ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग जरूरी है ताकि आम जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। बैठक के दौरान उन्होंने बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था की भी विशेष समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अधिकारी एवं कर्मी प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से पूर्व कार्यालय पहुंचकर बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करें उन्होंने कहा कि कार्यालय संचालन में अनुशासन एवं जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने एवं आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर भी जोर दिया गया। निदेशक डीआरडीए ने कहा कि जिला प्रशासन विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा सभी अधिकारियों और कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा।

# झारखंड सशस्त्र पुलिस-07 में अलंकरण समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पदमा (हजारीबाग)।** झारखंड सशस्त्र पुलिस-07 मुख्यालय, पदमा में शुक्रवार को अलंकरण समारोह (पीपिंग सेरेमनी) का आयोजन किया गया। समारोह में हवलदार से अवर निरीक्षक (सशस्त्र) पद पर प्रोन्नत हुए 27 अधिकारियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान समादेष्टा श्री अविनाश कुमार, भा.पु.से. ने सभी नवप्रोन्नत अधिकारियों के कंधों पर बैज एवं स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर मुख्यालय परिसर उत्साह और गौरव के माहौल से भर उठा। अपने संबोधन में समादेष्टा श्री अविनाश कुमार ने कहा कि प्रोन्नति केवल पद परिवर्तन नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों और जवाबदेही में वृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक अवर निरीक्षक को अपने अधीनस्थ जवानों के बीच अनुशासन बनाए रखते हुए टीम का प्रभावी नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को राष्ट्रहित, संगठन की गरिमा और जवानों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने की सलाह दी। साथ ही कहा कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ टीम का नेतृत्व करना ही एक सच्चे पुलिस अधिकारी की पहचान है। समारोह के अंत में नवप्रोन्नत अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के अग्रणी मल्टी-स्पेशियलिटी मर्सी हॉस्पिटल द्वारा आगामी 17 मई 2026 (रविवार) को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर अस्पताल परिसर में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देंगे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर का मुख्य उद्देश्य गिरिडीह एवं आसपास के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और समय रहते सही चिकित्सा परामर्श प्रदान करना है। शिविर के दौरान मरीजों को कई महत्वपूर्ण बीमारियों की प्रारंभिक जांच एवं उचित उपचार संबंधी सलाह दी जाएगी।

# बालमुकुंद फैक्ट्री से मजदूरों की छंटनी के खिलाफ दूसरे दिन भी धरना जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बालमुकुंद फैक्ट्री से बिना नोटिस पांच मजदूरों को निकाले जाने के विरोध में असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर मजदूरों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही धरना के दौरान प्रशासन की ओर से अंचल अधिकारी गिरिडीह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी तथा श्रम विभाग के अधिकारी धरनास्थल पहुंचे। अधिकारियों ने मजदूरों द्वारा सौंपे गए मांग पत्र का अवलोकन किया, पीड़ित मजदूरों से बातचीत की तथा संबंधित कागजात प्राप्त किए। इसके बाद सभी अधिकारी बालमुकुंद फैक्ट्री परिसर में जाकर मामले की जांच-पड़ताल की धरनास्थल पर मौजूद थाना प्रभारी ने फोन के माध्यम से जानकारी दी कि मामले की जांच के लिए श्रम विभाग को निर्देशित किया गया है।

वहीं धरनारत मजदूरों और नेताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक उचित पहल नहीं होती, तब तक उनका शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा धरना के दौरान नेता कन्हाई प्रसाद ने आरोप लगाया कि बालमुकुंद फैक्ट्री प्रबंधन मजदूर विरोधी रवैया अपना रहा है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री द्वारा बालू, पत्थर और उसरी क्षेत्र से टैंकरों के माध्यम से लगातार पानी की चोरी की जा रही है और खनन विभाग की सुस्ती के कारण इस पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही खनन विभाग के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा वहीं राजेश सिन्हा ने कहा कि प्रशासन



की नजर में बालमुकुंद फैक्ट्री के ह्लकाले कारनामोंह्व को सामने लाना उनका मुख्य उद्देश्य है धरना में कन्हाई पांडे, हूब लाल राय, राजेश सिन्हा, किशोरी राय, भिखारी राय, सूदन कोल, दीपक गोस्वामी, तुलसी तुरी, इम्तियाज अंसारी, नवीन पांडे, लखन कोल, भीम कोल, दिलचंद कोल सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल रहे। महिला प्रतिभागियों में निमिया देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, कुसुम देवी, करनी देवी, जगिया देवी, थलमुनी देवी और सुगिया देवी प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

# ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर डीवीसी में निकली सामूहिक पैदल यात्रा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर ऊर्जा संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री के निदेर्शानुसार तथा (डीवीसी) के माननीय अध्यक्ष श्री एस. सुरेश कुमार के मार्गदर्शन एवं परियोजना प्रधान श्री राणा रणजीत सिंह की प्रेरणादायक पहल पर सामूहिक पैदल यात्रा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटी दूरी के लिए वाहनों के उपयोग को कम कर ईंधन की बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।



इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से पैदल यात्रा कर समाज को ऊर्जा संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया। परियोजना प्रधान श्री राणा रणजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पैदल चलना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ईंधन संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यदि छोटी-छोटी दूरियों के लिए वाहन का कम उपयोग कर पैदल चलने की आदत अपनाई जाए तो इससे न केवल शरीर स्वस्थ एवं ऊजार्वान रहेगा, बल्कि पेट्रोल एवं डीजल की बचत के साथ प्रदूषण में भी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दैनिक जीवन में पैदल चलने की आदत अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह छोटी सी पहल राष्ट्रहित एवं स्वस्थ समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

## एक नजर

### नगरनौसा में सुधा दूध कॉर्नर का उद्घाटन



**नगरनौसा(नालंदा)**। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के गेट पर सुधा दूध कॉर्नर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी ने किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि सुधा बूथ कॉर्नर में सुधा उत्पाद से जुड़े दूध, दही, पनीर, लस्सी, पेड़ा समेत सभी प्रकार के उत्पाद उचित दाम पर मिलेगा। अब सुधा निर्मित उत्पाद की खरीद के लिए लोगों को अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा।इस मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश, सीओ सत्येंद्र,संचालक निधि कुमारी,संजय कुमार मार्किट इंचार्ज कुंदन कुमार,विशाल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### बाल मेला का आयोजन

**नगरनौसा(नालंदा)**। नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय लोदीपुर में बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चे ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बाल मेला में खेल का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, आंगनबाड़ी सेविका रंजना सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने का लिया संकल्प

**कौआकोल**। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, कौआकोल के बैनर तले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विनय कुमार ने की। बैठक में संघ के विभिन्न संगठनात्मक एवं कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर महामंत्री जुली कुमारी, उपाध्यक्ष मृदुला कुमारी, संयुक्त मंत्री अभिजीत आनंद, कोषाध्यक्ष आशा कुमारी सहित संघ से जुड़े कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य स्थिति, विभागीय समस्याएं, सेवा से संबंधित मुद्दे तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सभी कर्मियों ने आपसी समन्वय बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को संगठन की एकजुटता बनाए रखने एवं जनहित में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का आह्वान किया।

### हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं तीन दिवसीय पूजा-अर्चना कार्यक्रम के समापन के अवसर पर गुरुवार की रात्रि भव्य दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया गया। आयोजित दुगोला कार्यक्रम में जहानाबाद से पहुंचे व्यास सुजीत हलचल एवं दाउदनगर (औरंगाबाद) के प्रसिद्ध कलाकार किरण बेदर्दी ने अपने गायन व सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।।कलाकारों के बीच हुए सांस्कृतिक मुकाबले ने कार्यक्रम को खास आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव तथा विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता कलाकारों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण प्यारे मंडल,शिवशंकर मंडल,पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा,उत्साह एवं सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला।

### आइजी विकास वैभव ने लिया पुलिस पर हमला मामले का जायजा



**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के केशौरिया गांव में एएसआई नागेन्द्र कुमार पर बालू माफिया के द्वारा हमले का जायजा मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने गुरुवार को देर शाम को गांव पहुंच कर जायजा लिए। उसके बाद विधि व्यवस्था को संधारण करने समेत अन्य निर्देश पुलिस पदाधिकारी को दिए। उन्होंने निरीक्षण के बाद इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए सम्बंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन व परिवहन, पुलिस पर हमला तथा संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर व प्रभावी कार्रवाई की जाय। कहा कि अवैध बालू खनन के नेटवर्क, उससे जुड़े आर्थिक व आपराधिक तंत्र के संरक्षण देने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। मौके पर एसपी अभिनव धीमान, एसडीपीओ राहुल कुमार, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

### चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**रजौली**। रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भौर गांव से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है,जो अवैध शराब के कारोबार में इस्तेमाल के लिए बाइक को छिपाकर रखा गया था। साथ ही पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बलों के साथ गश्ती पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि भौर गांव निवासी केदार सिंह के घर के बथान में चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखी गई है। सूचना के अनुसार केदार सिंह के नाती सिरदला थाना क्षेत्र के रवियो गांव निवासी छोटेलाल राम के पुत्र बिक्रम कुमार ने बाइक छिपाई है। चोरी के बाइक का उपयोग बिक्रम और उसका सहयोगी भौंर गांव निवासी मनोज यादव के पुत्र जेपी कुमार मिलकर शराब का अवैध कारोबार के लिए करते हैं। बिना नंबर प्लेट की काले-लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल बरामद हुई। केदार सिंह बाइक से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। विधिवत जब्ती सूची बनाकर बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। थाना परिसर में पॉश मशीन से चेचिस नंबर की जांच करने पर बाइक चोरी की पाई गई। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर46आर5763 है। चोरी के बाइक की जब्ती को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद अनुसंधान के क्रम में पीटीसी उपेंद्र कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से बाइक चोरी में शामिल दो अभियुक्तों भौंर गांव निवासी मनोज प्रसाद के पुत्र जेपी कुमार और महेंद्र यादव के पुत्र चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# देश भर के दवा कारोबारी 20 मई को जायेंगे हड़ताल पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो**। ऑनलाइन दवाई की खरीद बिक्री के खिलाफ देश भर के दवाई कारोबारी 20 मई को हड़ताल पर जाने वाले हैं। बोकारो के दवाई कारोबरियों ने भी इसका समर्थन किया है। इसकी जानकारी बोकारो केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सचिव सुजीत चौधरी ने बोकारो में मीडिया से बात करते हुए दी है। उनका कहना है कि जिस प्रकार से दवाई ऑनलाइन खरीद बिक्री हो रही है, इससे खुदरा दुकानदार के सामने हड़ताल के सिवा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। अध्यक्ष सुजीत चौधरी ने बताया कि केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने एक




दिवसीय दवा व्यापार बंद रखने का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि अवैध ई-फार्मेसी, कॉर्पोरेट कंपनियों की प्रिडेटरी प्राइसिंग और सरकारी अधिसूचनाओं के विरोध में यह बड़ा फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। बोकारो केमिस्ट के संघ के अध्यक्ष सुजीत चौधरी ने कहा कि अखिल भारतीय केमिस्ट्स संघ के आह्वान पर बोकारो समेत झारखंड में भी 20 मई को हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने ऑनलाइन खरीदारी को लेकर कहा कि जब ऑनलाइन दवा से किसी को नुकसान होता है तो बदनामी दवा दुकानदारों की होती है।

सुजीत चौधरी ने कहा कि ऑनलाइन दवा खरीदारी में कई बार गलत दवा दे दी जाती है। जिससे तबीयत बिगड़ने पर मेडिकल दुकानदारों की बदनामी होती है। बड़े-बड़े कंपनियों को दवाई कंपनियां अधिक डिस्काउंट दे रही है, जिस कारण हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ऑनलाइन मार्केटिंग से डुप्लीकेट दवाई भी मार्केट में आ रही है और बदनाम दवाई दुकानदार हो रहे हैं। सरकार को यह अल्टीमेटम है कि इस पर जल्द फैसला ले।

## दो मेडिकल कॉलेजों में बढ़ेंगी एमबीबीएस और पीजी सीटें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में झारखंड को बड़ी उपलब्धि मिली है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्य के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातक (एमबीबीएस) और स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति "राज्य सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन" योजना के अंतर्गत दी गई है। मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, राज्य के दो प्रमुख चिकित्सा संस्थान—धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल तथा जमशेदपुर स्थित महात्मा गांधी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल—में सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जाएगी। इससे राज्य में चिकित्सकों की कमी दूर करने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा का दायरा भी विस्तृत होगा। स्वीकृति के अनुसार, धनबाद के शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस सीटों की वर्तमान संख्या 100 से बढ़ाकर 250 की जाएगी। इस परियोजना के लिए कुल 225 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है, जिसमें केंद्र सरकार का अंश 135 करोड़ रुपये होगा। वहीं, जमशेदपुर के महात्मा गांधी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय में भी एमबीबीएस सीटों को 150 से बढ़ाकर 250 किया जाएगा। इसके लिए 150 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जिसमें केंद्र का हिस्सा 90 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से राज्य में चिकित्सा शिक्षा को नई गति मिलने की उम्मीद है और आने वाले समय में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पेट्रोल पंप पर लगा नो एंट्री का बोर्ड, लोगों को रही काफी परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर/जमशेदपुर**। बाबा नगरी देवघर में इन दिनों ईंधन संकट गहराता हुआ दिखाई दे रहा है। शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल नहीं है और डीजल उपलब्ध नहीं जैसे बोर्ड लगाए जा चुके हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि सुबह से लेकर देर शाम तक लोग एक पेट्रोल पंप से दूसरे पेट्रोल पंप का चक्कर काटते नजर आ रहे हैं। कई जगहों पर उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। ईंधन की इस किल्लत ने आम लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। खासकर मेडिकल इमरजेंसी, परिवहन और छोटे कारोबार से जुड़े लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई लोग जरूरी कामों के लिए भी पेट्रोल और डीजल नहीं मिलने



से परेशान हैं। मेडिकल इमरजेंसी में अपने परिजन के लिए ब्लड लेकर अस्पताल जा रहे गुड्डू यादव ने बताया कि वह सुबह से तीन-चार पेट्रोल पंपों का चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन कहीं भी पेट्रोल उपलब्ध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में कुछ लोग ब्लैक में ढाई सौ से तीन सौ रुपये प्रति लीटर तक पेट्रोल बेच रहे हैं।

## नीट पेपर लीक को लेकर झामुमो का जोरदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़**। नीट पेपर लीक, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, बेलगाम महंगाई और प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के विरोध में झामुमो ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।



प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने से लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों का विश्वास डगमगा गया है। नेताओं ने आरोप लगाया कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है और इस मामले में दोषियों पर अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

झामुमो केंद्रीय कमेटी के सदस्य चित्रगुप्त महतो ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है और आम लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीद भी कठिन होती जा रही है।

सोनाराम मांझी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका सीधा असर खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम पर पड़ रहा है। उन्होंने नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और ईंधन की कीमतों में राहत देने की मांग की। गिरिडीह में भी झामुमो ने केंद्र सरकार एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। इससे पहले मुक्ति मोर्चा और छात्र मोर्चा द्वारा रैली निकाली गई और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। यहां जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह, पार्टी नेता अजीत कुमार पप्पू, अखिलेश महतो ऊर्फ राजू महतो, रॉकी सिंह, कृष्णा मुरारी शर्मा, अभय समेत कई कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार को दोषी ठहराया है।

जेएमएम नेता अखिलेश महतो ऊर्फ राजू महतो ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। बच्चे दिन रात मेहनत करते हैं और जब परीक्षा देते हैं तो परिणाम प्रश्न पत्र लीक के तौर पर मिलता है। झामुमो नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह ने कहा कि नीट जैसी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना न सिर्फ गंभीर मामला है बल्कि यह कांड बताता है कि किस तरह से गड़बड़ी हुई है। ऐसी स्थिति भविष्य में नहीं हो इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। रॉकी सिंह ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अब तक बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए था। यहां छात्र नेताओं ने कहा कि पिछली दफा भी इसी तरह का प्रश्न पत्र लीक होने का मामला सामने आया था। इसमें पूरी तरह से केंद्र की सरकार की संलिप्तता है।

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत के बीच बढ़े दाम पर झारखंड चैंबर ने जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। वैश्विक ईंधन बाजार में भारी अस्थिरता का प्रभाव झारखंड सहित देश भर में पड़ा है। एक तरफ लोग पेट्रोल-डीजल की किल्लत के कारण परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार के द्वारा पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दामों में की गई वृद्धि ने आम लोगों की परेशानी कम होने के बजाय बढ़ा दी है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की मानें तो वर्तमान परिस्थिति में बाजार का क्या होगा कहना मुश्किल है।

चैंबर अध्यक्ष आदित्य मलहोत्रा के अनुसार पेट्रोल-डीजल की किल्लत की वजह से राज्य का व्यवसाय जगत काफी प्रभावित हो रहा है। एक तरफ किल्लत, वहीं दूसरी ओर दाम बढ़े हैं। जाहिर तौर पर इसका बोझ जनता पर ही पड़ेगा। मौजूदा परिस्थिति में महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इंडस्ट्री कैसे चलेगा यह कहना मुश्किल है। क्योंकि डीजल की किल्लत की वजह से फैक्ट्री में जेनरेटर नहीं चल पाता है। ऐसे में किसी भी व्यवसायी के लिए इंडस्ट्री चलाना बेहद ही मुश्किल हो रहा है।

**पेट्रोल-डीजल की सर्वाधिक उपयोगिता परिवहन उद्योग पर: चैंबर**

चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा कहते हैं कि पेट्रोल-डीजल की सर्वाधिक उपयोगिता परिवहन उद्योग में है। ऐसे में यदि यह उपलब्ध नहीं होगा तो हालात कैसे होंगे यह अंदाजा लगाया जा सकता है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मौजूदा स्थिति से अवगत कराते हुए केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है। जिसमें कहा गया है कि राज्य में पेट्रोल डीजल के समुचित




और वैकल्पिक व्यवस्था की दिशा में ठोस कदम उठाया जाए। उन्होंने कहा कि वैश्विक कारणों से जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं, उससे निपटने के लिए यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए जाएंगे तो स्थिति बहुत ही गंभीर हो जाएगी।

**मंत्री इरफान अंसारी का सीएम को पत्र**

राजधानी के कई पेट्रोल पंप के ड्राई होने और कई पेट्रोल-डीजल पंपों पर बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था को लेकर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने राज्यभर के पंपों पर लगातार बढ़ रही भीड़, लंबी कतारों और आम जनता को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए सीएम से संज्ञान लेने की बात कही है। इरफान अंसारी ने भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री से पंपों पर सुरक्षा बढ़ाने का अग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी परिस्थिति में आम नागरिकों को परेशानी में छोड़ना स्वीकार्य नहीं है। मंत्री इरफान अंसारी ने संबंधित विभागों और जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की है। जिससे कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे और राज्य में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

## आईआईटी आईएसएम धनबाद और आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन के बीच समझौता, स्टार्टअप को मिलेगा नया संबल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद**। पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में स्टार्टअप और नवाचार को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आईआईटी आईएसएम धनबाद और आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन के बीच समझौता हुआ है। इस समझौते का उद्देश्य उभरते उद्यमियों और नवाचार आधारित स्टार्टअप्स को तकनीकी और व्यावसायिक स्तर पर सशक्त सहयोग प्रदान करना है। आईआईटी आईएसएम धनबाद के नवाचार, इनक्यूबेशन एवं उद्यमिता केंद्र ने आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन के साथ सह-इनक्यूबेशन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के तहत स्टार्टअप्स को शोध, तकनीकी मार्गदर्शन, उद्योग से संपर्क, बाजार तक पहुंच और निवेश के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। नवाचार, इनक्यूबेशन एवं उद्यमिता केंद्र संस्थान का प्रमुख केंद्र है, जो छात्रों, शोधकर्ताओं और युवा उद्यमियों को उनके विचारों को व्यावसायिक रूप देने में सहायता करता है। यहां स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं, आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संस्था है, जो प्रबंधन संस्थान कोलकाता के तहत संचालित होती है और स्टार्टअप्स, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता विकास में सहयोग प्रदान करती है।

**स्टार्टअप्स को मिलेंगे बहुआयामी लाभ**

इस समझौते के अंतर्गत आईकेएन से जुड़े स्टार्टअप्स को आईआईटी आईएसएम की तकनीकी विशेषज्ञता, शोध परामर्श और प्रयोगशाला परीक्षण की सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, नवाचार केंद्र से जुड़े स्टार्टअप्स को व्यावसायिक रणनीति, उद्योग नेटवर्किंग, बाजार विस्तार और वित्तीय सहयोग से जुड़ी सहायता प्रदान की जाएगी। डीन प्रो. आलोक कुमार दास ने बताया कि यह साझेदारी क्षेत्रीय स्टार्टअप तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एमसी-ईटीपी-एएमसी-टीकेपीआर-26, दिनांक 14.05.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय), पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के टिकियापाड़ा डिपो के डिस्चार्ज वाटर फिल्ट्रेशन सह रिसाइक्लिंग प्लांट सहित 3.5 एमएलडी एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) का 3 वर्ष की अवधि के लिए रखरखाव और परिचालन। **निविदा मूल्य:** रु. 82,91,609.11, **बयाना राशि जमा:** रु. 1,65,800/-, **अनुबंध की अवधि:** कार्य शुरू होने की तिथि से 36 माह। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in बोली की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.06.2026 को 14.00 बजे तक।

HWH-66/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-30 से 32-26-27 (खुली), दिनांक 14.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-30-26-27, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत पूर्व बर्द्धमान, धनबाद एवं बीरभूम जिले में भूमि प्लान के म्यूटेशन में सहयोग सहित प्रमाणन के लिए खुली निविदा । **निविदा मूल्य :** रु.31,14,400/-, **बयाना राशि :** रु. 62,300/- **क्रम सं. 2, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-31-26-27, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत पश्चिम बर्द्धमान जिले में भूमि प्लान के म्यूटेशन में सहयोग सहित डिजिटलीकरण एवं प्रमाणन कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.44,06,321.30, **बयाना राशि :** रु. 88,100/-, **क्रम सं. 3,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-32-26-27, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत जामताड़ा, जमुई, गिरीडीह और देवघर जिले में भूमि प्लान के म्यूटेशन में सहयोग सहित डिजिटलीकरण एवं प्रमाणन कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.38,24,210.90, **बयाना राशि :** रु. 76,500/-**कार्य समाप्त करने की अवधि:** 06 माह (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु) । **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-84/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी बिक्री सूचना**

**सं. सी.4/ऑक्शन/सेल नोटिस/एएसएन/26** **दिनांक** 12.05.2026

मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नानुसार नीलामी बिक्री सूचना आमंत्रित की जाती है: भारतीय रेल अधिनियम, 1989 की धारा 83 के तहत सूचित किया जाता है कि नीचे संक्षेप में वर्णित अवितरित सामानों को रेलवे रसीद की प्रस्तुति पर और प्रकाशन की तिथि से (07) दिनों के भीतर रेलवे बकाया के भुगतान पर कंसाइनी की डिलीवरी नहीं ली जाती है, तो उसे **"जैसा है, जहाँ है, के आधार"** पर संबंधित मदों के लिए वर्णित तिथि, समय और स्थान पर सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेचा जाएगा। **क्रम सं., कंसाइनमेंट का विवरण, वैगनों की संख्या एवं अनुमानित वज़न (टन में)** निम्नानुसार हैं: **(1)** आयरन ओर (लौह अयस्क); 07 एवं 361, **(2)** कोयला; 04 एवं 228, **(3)** तेल; 01 एवं 48, **(4)** डोलोमाइट; 01 एवं 64, **(5)** स्टील सामग्री; 02 एवं 42, **(6)** लाइम स्टोन; 02 एवं 125, **सामग्री जहाँ पड़ी हुई है:** अंडाल यार्ड में क्रम सं. 1 से 6 के लिए। **नीलामी की जगह, तिथि और समय:** आसनसोल मंडल के तहत अंडाल यार्ड में दिनांक 25.05.2026 को 12.00 बजे। **नियम एवं शर्तें:** (1) इच्छुक बोलीदाता उपर्युक्त साइट पर सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं। (2) प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता से अनुरोध है कि नीलामी बिक्री शुरू होने से पहले प्रतिभूति जमा के रूप में रु.20000/-(बीस हजार रुपये) मात्र नकद जमा करें। उच्चतम बोलीदाता को छोड़कर प्रत्येक बोलीदाता को प्रतिभूति जमा वापस किए जाएंगे। (3) लॉट खरीदने वाले बोलीदाता को नीलामी की तिथि को छोड़कर 07 (सात) दिनों के अंदर माल प्राप्त कर लेना चाहिए, अन्यथा नियम के अनुसार वार्फेज शुल्क लगाया जाएगा। (4) बोलीदाता को हथौड़ा गिरने के तुरंत बाद बोली राशि का 25% या रु. 500/- जो भी अधिक हो, जमा करना होगा। (5) प्रशासन के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

ASN-86/2026-27

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आद्रा मंडल के तहत डमरु घुटू हाल्ट स्टेशन पर पैसेंजर हाल्ट एजेंट की नियुक्ति**

**अधिसूचना संख्या: सी-669/पीएच/आद्रा/2026/02 दिनांक 14.05.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के तहत गढ़ जयपुर-पुनदाग स्टेशनों के बीच **डमरु घुटू** हाल्ट स्टेशन पर हाल्ट एजेंट की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **कार्य का विवरण:** सभी प्रकार के गैर-रियायती अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और सीजन टिकट की बिक्री। **निविदा मूल्य:** कमीशन के आधार पर। **आवेदन फॉर्म की लागत:** शून्य। **पैसेंजर हाल्ट की नियुक्ति के लिए स्थान:** आद्रा मंडल/दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत गढ़ जयपुर-पुनदाग खंड के बीच **डमरु घुटू** हाल्ट स्टेशन पर पैसेंजर हाल्ट एजेंट। **नियम व शर्तों के साथ आवेदन फॉर्म की उपलब्धता: दिनांक 09.06.2026 तक** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा के कार्यालय में कार्यालयीन घंटों के दौरान। इसे रेलवे की वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। **आवेदन जमा करने की तिथि एवं स्थान : दिनांक 09.06.2026 को 13.00 बजे तक** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा के कार्यालय में। **निविदा बॉक्स खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.06.2026 को 16.00 बजे। आवेदक के लिए पात्रता मानदंड :** (i) आवेदक को स्थानीय जिले से प्रमाणित होना चाहिए जहाँ पैसेंजर हाल्ट स्टेशन स्थित है। (ii) आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कम से कम दसवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। (iii) **आयु सीमा :** आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। (iv) चिकित्सीय रूप से स्वस्थ रहने और संक्रामक रोग से मुक्त रहने का चिकित्सा प्रमाणपत्र जो किसी पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर से प्राप्त किया जाएगा। (v) पुलिस सत्यापन। **टिप्पणी****: यदि खुलने का दिन किसी अप्रत्याशित कारण से अवकाश या बंद रहता है, तो आवेदन अगले कार्य दिवस को उसी स्थान और समय पर खोला जाएगा।

(PR-173) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# मसाला कारोबारी की गोली मारकर हत्या

## घोषित ब्लैक आउट के दौरान घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** तू डाल-डाल, मैं पात-पात... अपराधी बिहार पुलिस को यही दिखा रहे हैं। तभी तो, जब गुरुवार रात पहले से घोषित ब्लैक आउट के बाद बिजली आई तो पटना के अति-व्यस्त मुसल्लहपुर हाट में गद्दी (कारोबारी मालिक काउंटर) पर मसाला व्यवसायी पिंटू कुमार का शव नजर आया। अपराधियों ने सिर में सटाकर साइलेंसर लगी पिस्टल से गोली मारी थी, ताकि गोली की आवाज किसी को सुनाई न दे और अंधेरे का फायदा उठाकर आसानी से फरार हो सकें।



घटना पटना सिटी के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र की है। जिस समय अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया, उस वक्त पिंटू कुमार के पिता भी मौके पर मौजूद थे। गंभीर हालत में परिजन उन्हें तुरंत पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि करीब 15 दिन पहले पैसों के लेन-देन को लेकर पिंटू कुमार का कुछ लोगों से विवाद हुआ था।

पुलिस इसी एंगल को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मौके पर पहुंचे सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि ब्लैक आउट के कारण किसी ने अपराधियों को नहीं देखा, लेकिन आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस के अनुसार हत्या ठीक शाम 7:02 बजे की गई, जिससे यह आशंका और मजबूत हो रही है कि अपराधियों ने पहले से योजना बनाकर ब्लैक आउट का फायदा उठाया।

# सीएससी कर्मी के बाइक की डिक्की से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में दिनदहाड़े बड़ी चोरी की घटना सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई है। कर्पूरी चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र सीएससी के एक कर्मी की बाइक की डिक्की तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने 4 लाख 62 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे रोसड़ा सिनेमा चौक के पास की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएससी संचालक धीरज कुमार सिंह रोसड़ा स्थित बैंक शाखा से राशि निकालकर अपने ग्राहक सेवा केंद्र लौट रहे थे। इसी दौरान रोसड़ा सिनेमा चौक के पास बाइक खड़ी करने के बाद अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक की डिक्की तोड़ दी और उसमें रखे 4.62 लाख लेकर फरार हो गए।

घटना का पता चलते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई घटना के बाद सीएससी संचालक ने रोसड़ा थाना पहुंचकर आवेदन दिया और कार्रवाई की मांग की।

आवेदन में बताया गया है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों की गतिविधि कैद हो सकती है, जिसे जांच के दौरान पुलिस को उपलब्ध कराया जाएगा मामले को लेकर रोसड़ा थाना अध्यक्ष लालबाबू कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह लूट नहीं बल्कि चोरी का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस आवेदन के आधार पर जांच कर रही है तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र के सीएससी संचालकों एवं व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से बाजार एवं बैंक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## वज्रपात से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड के अंगरा टोला, निमियाटांड़ में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सरयू दास (पिता-स्वर्गीय शिबू दास), निवासी निमियाटांड़ के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरयू दास मंगलवार को अपने घर से बकरी चराने के लिए निकले थे। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। तभी आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सरयू दास काफी मेहनती एवं मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी असमय मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# रिश्वत लेते कनीय अभियंता धराया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने सीतामढ़ी जिले में बड़ी कार्रवाई की है। पुपरी स्थित नगर परिषद कार्यालय में पदस्थापित कनीय अभियंता (जेई) विजय कुमार शर्मा को 1 लाख 45 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के मुताबिक, निगरानी विभाग को आरोपी जेई के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही विजय कुमार शर्मा ने परिवादी से रिश्वत की रकम ली, पहले से तैनात टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी जेई को अपने साथ गुप्त स्थान पर ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद नगर परिषद कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कर्मचारी और अधिकारी अचानक हुई कार्रवाई से सकते में आ गए।

घटना की खबर फैलते ही पुपरी समेत पूरे सीतामढ़ी जिले में चर्चा तेज हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों से भ्रष्ट अधिकारियों में डर का माहौल बना है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुपरी पुलिस निरीक्षक कार्यालय के एक कर्मी को करीब 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। लगातार हो रही निगरानी विभाग की कार्रवाई से जिले के प्रशासनिक महकमे में हलचल मची हुई है।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब का गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला में इको क्लब का गठन किया गया। प्राचार्य रितेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम सहयोगी शिक्षकों ने आपसी विचार समन्वय में किया एवं पर्यावरण रक्षा के निमित्त इको क्लब के गठन में विद्यार्थियों को परिधान भी प्रदान किया गया। इस मौके पर प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।वायु प्रदूषण और जल संरक्षण बचाव पर प्रकाश डाला गया। साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण को बचाने के लिए शपथ लेकर कृत संकल्पित हुए। बताया गया कि पर्यावरण की रक्षा कर ही हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।आज पूरे विश्व की जवलंत समस्या है, पर्यावरण की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण के लिए लोगों को जागृत करना चाहिए। इको क्लब के गठन में में शिक्षक मंतोष कुमार, डॉ.विकास सिंह, अविनाश कुमार, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार मेहता, सुनील कुमार, इर्शाद अली, शोभा सिंह, खुशबू कुमारी, सोनी कुमारी, अंजली पाठक सहित अन्य थे।

# खाली पड़े भवनों के बेहतर उपयोग को ले उपायुक्त एवं नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन के साथ शहर के विभिन्न निष्क्रिय एवं खाली पड़े सरकारी भवनों एवं परिसरों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान साहित्य समाज चौक स्थित पुराने मलेरिया भवन, नूतन केंद्र के समीप खाली पड़ी जमीन, पुराने सदर प्रखंड कार्यालय भवन, खनिज भवन तथा नूतन केंद्र भवन का जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य इन भवनों एवं परिसरों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर बेहतर उपयोग की संभावनाओं को तलाशना था। अधिकारी द्वय ने संबंधित अधिकारियों के साथ भवनों की संरचनात्मक स्थिति, उपलब्ध स्थान एवं प्रशासनिक जरूरतों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सरकारी परिसंपत्तियों का प्रभावी एवं



जनहितकारी उपयोग सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। लंबे समय से निष्क्रिय पड़े भवनों को आवश्यकता अनुसार पुनः उपयोग में लाने, मरम्मत कराने अथवा जर्जर स्थिति में होने पर कंडम घोषित कर नए भवन निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने भी निरीक्षण के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव देते हुए कहा कि उपलब्ध भवनों एवं खाली परिसरों का योजनाबद्ध उपयोग कर प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकता है। उन्होंने शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में नूतन केंद्र के समीप इंजीनियरिंग लाइन से जुड़े विभिन्न कार्यालयों को एक परिसर में शिफ्ट करने की संभावनाओं पर भी दोनों पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया।

# चुनाव खत्म होते ही वसूली में जुटी केंद्र सरकार : प्रो विजय कुमार मिट्ठू

## कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पेट्रोल, डीजल के दामों में विगत चार साल में सबसे बड़ी वृद्धि के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, मुन्ना मांझी, आदि ने कहा कि पांच राज्यों में चुनाव समाप्त होते ही सरकार ने जनता पर महंगाई का हंटर चलाया है, और जनता की जेब से वसूली शुरू कर दी है।

नेताओं ने प्रधानमंत्री को महंगाइ मैंन करार देते हुए कहा कि सरकार ने चुनावों के चलते जानबूझकर तीन महीने तक दाम नहीं बढ़ाए और अब अचानक बोझ डाल दिया है। नेताओं ने कहा कि सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों का हवाला देकर आम जनता को लूट रही है। नेताओं ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, घरेलु गैस की कीमतें बढने से परिवहन, खाद्य सामग्रियों सहित सभी चीजें महंगी होगी। नेताओं ने पेट्रोल, डीजल,एल पी जी गैस मूल्यवृद्धि वापस लेने की मांग सरकार से किया है।

## जल्द शुरू होगी कार्गो सेवा

**भागलपुर।** गंगा की धारा पर एक बार फिर व्यापारिक चहल-पहल लौटने लगी है। सबौर के बाबूपुर गंगा घाट पर जलमार्ग आधारित माल परिवहन सेवा आरंभ करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है।

घाट पर दो मालवाहक जलयान पहुंच चुके हैं, जबकि एप्रोच पथ और प्लेटफार्म निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बाबूपुर मोड़ से गंगा घाट तक भारी मालवाहक ट्रकों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सड़क को दुरुस्त किया जा रहा है। हालांकि, मार्ग में अतिक्रमण, संकरी सड़क और बिजली के खंभे बड़ी बाधा बने हुए हैं। जहाज संचालन से जुड़ी कंपनी ने इस समस्या को लेकर सदर एसडीएम और सबौर थाना प्रशासन से सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सम्मान समारोह की तैयारी पूरी

## विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार करेंगे उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया कॉलेज गया स्थित प्रेमचंद सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रारंभ होगा। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार करेंगे। आयोजन में साहित्य, शिक्षा, संगीत एवं चिकित्सा जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोग भाग लेंगे। आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि बिहार एवं देश में अनेक महान विभूतियों के नाम पर विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब तक राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि समारोह के मंच से बिहार सरकार से दिनकर जी के नाम पर विश्वविद्यालय निर्माण की मांग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल साहित्यिक विमर्श तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित भी किया जाएगा। चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ चौधरी लक्ष्मी नारायण, डॉ अपराजिता कुमारी, डॉ संजीव कुमार एवं डॉ. बीडी शर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन समिति से जुड़े डॉ सत्येंद्र सिंह चंद्र ने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं एवं कविताओं का पाठ किया जाएगा। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां समारोह का मुख्य आकर्षण होंगी। आयोजन समिति के सदस्य डॉ रूद्र चरण मांझी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उड़ीसा, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल से शोधार्थी एवं साहित्य प्रेमी गया पहुंच चुके हैं। समारोह को लेकर साहित्य प्रेमियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रकवि दिनकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# मूक-बधिर छात्रों से अमानवीय व्यवहार की जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मिठनपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीएनटी रोड के बागेश्वरी मूक-बधिर विद्यालय में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर प्रशासन ने जांच शुरू की। गुरुवार को जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

वायरल वीडियो में छात्रावास में रह रहे कई मूक-बधिर बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट, डराने-धमकाने और एक बच्चे के साथ आपत्तिजनक व्यवहार के दृश्य सामने आए हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की गई। जांच समिति में एसडीओ पूर्वी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक, मुशहरी बीडीओ और मिठनपुरा थानाध्यक्ष को शामिल किया गया है।

सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक संजय कुमार ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में बच्चों के साथ मारपीट की पुष्टि होने के बाद स्कूल प्रबंधन की भूमिका पर सवाल उठे। इसके बाद विद्यालय संचालक संजय कुमार और आरोपी कर्मचारी राजू कुमार के खिलाफ मिठनपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। फिलहाल आरोपी फरार है।

इस मामले में सिटी एसपी ने बताया कि वायरल वीडियो जांच में सही पाया गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर संस्था के संस्थापक संजय कुमार और कर्मचारी राजू कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं संस्था प्रबंधन ने आरोपी कर्मचारी को हटाने की जानकारी दी है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## फंदे से झूलती मिली लाश

**बक्सर।** कोरान सराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव स्थित एक अर्द्धनिर्मित मकान में गुरुवार की रात एक युवक का शव फंदे से लटकते मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान मठिला गांव निवासी स्व. प्रेम शर्मा के 25 वर्षीय पुत्र अजीत शर्मा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अजीत पांच भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। पिता के निधन के बाद वह गांव में चिराई मशीन चलाकर अपनी वृद्ध मां और खुद का भरण-पोषण कर रहा था। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक परेशानियां भी उसके सामने बड़ी चुनौती बनी हुई थीं। ग्रामीणों के अनुसार युवक ने चिराई मशीन के संचालन के लिए विभिन्न जगहों से ऋण लिया था। कर्ज का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा था, जिससे वह पिछले कुछ समय से काफी तनाव में रह रहा था।

# लापता युवक का शव मिलते ही इलाके में मचा कोहराम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई, शुक्रवार की सुबह गांव के ही बधार में युवक का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, मृतक की पहचान शेरपुर निवासी मुकेश कुमार के पुत्र शांतनु कुमार उर्फ बहादुर के रूप में की गई है , शव की स्थिति को देखकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और डर है बताया जा रहा है कि अपराधियों ने युवक की हत्या ईट पत्थर से कुच कर दी गई है, घटना स्थल पर बिखरे खून और युवक की हालत देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वही इस हत्याकांड के बाद गांव में मातम फसर हुआ है, पुलिस ने आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि हत्या के कारणों का पता लगाया जा सके, वही पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर जिला प्रशासन पलामू द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना राज्य के युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा संस्थानों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिक से अधिक योग्य छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ लें, इसके लिए पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक वर्षीय मास्टर्स पाठ्यक्रम हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रतिवर्ष कुल 50 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति के 20, अनुसूचित जाति के 10, पिछड़ा वर्ग के 14 एवं अल्पसंख्यक समुदाय के 6 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को वास्तविक शिक्षण शुल्क, वार्षिक अनुरक्षण भत्ता, आकस्मिक भत्ता, वीजा शुल्क, हवाई यात्रा व्यय एवं स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। शिक्षण शुल्क सीधे संबंधित विश्वविद्यालय को भुगतान किया जाएगा, जबकि अन्य राशि डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी।

योजना के लिए अभ्यर्थी का झारखंड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक, संबंधित क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव तथा परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से कम होना आवश्यक है। अभ्यर्थी की आयु संबंधित वर्ष के 1 अप्रैल को 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों को पहले से विदेशी विश्वविद्यालयों से ऑफर लेटर प्राप्त हो चुका है, उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के तहत ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, इम्पीरियल कॉलेज लंदन, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स समेत यूनाइटेड किंगडम के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययन हेतु सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त दर ग्लोबल रैंकिंग के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी योजना का लाभ दिया जाएगा।

उन्होंने जिले के युवाओं एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक आवेदन करें। योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू उपस्थित रहे।

# टावर पर चढ़ा युवक, घंटों चलता रहा ड्रामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** प्रेम प्रसंग या पारिवारिक विवाद को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ने की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं, लेकिन इस बार मामला जमीन विवाद से जुड़े कथित झूठे मुकदमे का है। दरभंगा जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के हावीडीह गांव में एक युवक प्राथमिकी से अपना नाम हटाने की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया और कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। करीब सात घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और प्रशासन की मदद से युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

बताया जाता है कि राजाराम यादव का 28 वर्षीय बेटा अमरजीत यादव गांव में जमीन विवाद से जुड़े एक एफआईआर में नाम आने से नाराज था। युवक का आरोप था कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की साजिश रची जा रही है। इसी के विरोध में वह गुरुवार दोपहर गांव के मोबाइल टावर पर चढ़ गया और ऊपर से लोगों को कूदकर जान देने की धमकी देने लगा।युवक के मोबाइल टावर पर चढ़ने की खबर फैलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और उसे नीचे उतारने की कोशिश करने लगे। परिजन भी लगातार युवक से नीचे उतरने की अपील करते रहे, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ा रहा।

घटना की जानकारी मिलने के बाद बहेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष सूरज गुप्ता और सीओ धनश्री बाला ने माइक के जरिए युवक को समझाने का प्रयास किया। युवक लगातार आरोपियों को जेल भेजने और एफआईआर से नाम हटाने की मांग करता रहा। काफी देर तक समझाने के बावजूद वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ।

स्थिति बिगड़ती देख युवक के गुरुजी जटाशंकर झा को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने माइक के माध्यम से अपने शिष्य को समझाया और शांत रहने की अपील की। गुरुजी की बातों का असर हुआ और करीब छह से सात घंटे बाद युवक आखिरकार टावर से नीचे उतर आया।

## बाल मेला का आयोजन




**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय लोदीपुर में बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चे ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बाल मेला में खेल का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, आँगनवाड़ी सेविका रंजना सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# राजस्व महा अभियान के लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए चलेगा विशेष अभियान : मंत्री

## 30 जून तक चलने वाले एग्रिस्टैक अभियान को देखते हुए 6.60 लाख जमाबंदियों में सुधार के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को विभागीय कक्ष में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह समेत विभाग के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष अगस्त-सितंबर में संचालित राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन विशेष अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि अब तक 81 प्रतिशत आवेदनों को स्कैन कर अपलोड किया जा चुका है। 31 मई तक सभी आवेदनों को अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लंबित आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान की भी समीक्षा की गई। राजस्व मंत्री ने कहा कि राज्य में 30 जून तक चलने वाले एग्रिस्टैक अभियान को देखते हुए 6.60 लाख जमाबंदियों में सुधार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमाबंदी सुधार के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए क्योंकि इसके पूर्ण होने के बाद ही फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा कर किसानों को लाभ पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ई-मापी मामलों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि जमीन मापी से जुड़े मामलों का निष्पादन तय समय सीमा के भीतर हो। उन्होंने कहा कि हाल में अंचल अधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के कारण करीब 48 हजार मापी के मामले लंबित हो गए हैं। सभी लंबित मामलों का निष्पादन 30 जून तक करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में भू अभिलेखों के डिजिटलीकरण की प्रगति की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के करीब 33 करोड़ पन्नों को स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जा चुका है। इसके माध्यम से अब आम लोगों को भू अभिलेख की नकल ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 15 लाख से अधिक लोगों को ऑनलाइन नकल उपलब्ध कराई जा चुकी है जिससे लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के करीब आठ हजार गांवों का कैडेस्ट्रल खतियान गायब है। इसके लिए विभिन्न माध्यमों से विज्ञापन निकालकर लोगों से इसमें मदद ली जाएगी। अगर किसी व्यक्ति के पास वह उपलब्ध है तो वह सरकार को उपलब्ध करा सकता है। मंत्री ने भू-लगान की स्थिति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को भू-लगान की दरों में वृद्धि की संभावनाओं पर विमर्श करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर सचिव आजीव वत्सराज, अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, उप सचिव संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सह जिला जन संपर्क पदाधिकारी जूही कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में स्वच्छता पखवारा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 15 मई से 31 मई तक आयोजित होने वाले स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय कार्यालय के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम ने उपस्थित कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा कार्यस्थल के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई को लेकर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के दौरान एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आसपास के विद्यालयों में स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई से संबंधित जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसके अलावा स्थानीय बस्तियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

# नई जिम्मेदारियां मिलने पर विधायकों को डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा में विभिन्न समितियों और सत्तारूढ़ दल के सचेतक पदों पर बड़े स्तर पर मनोनयन और मान्यता की घोषणा की गई है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने शुक्रवार को कई विधायकों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। जारी आदेश के अनुसार पन्ना लाल सिंह पटेल को वित्तीय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए बिहार विधानसभा की राजकीय आश्वासन समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। वहीं दुलाल चंद्र गोस्वामी को जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति का सभापति बनाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर विधानसभा अध्यक्ष ने संजीव चौरसिया को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक तथा मंजीत कुमार सिंह को उप मुख्य सचेतक के रूप में मान्यता प्रदान की है। विधानसभा में सचेतक पद पर जिन विधायकों को मान्यता दी गई है उनमें गायत्री देवी, राजू तिवारी, रामविलास कामत, सुधांशु शेखर, राणा रणधीर, विनय कुमार चौधरी, कृष्ण कुमार ऋषि, अरुण मांझी और रत्नेश कुमार शामिल हैं। संजीव चौरसिया दीघा विधानसभा क्षेत्र, मंजीत कुमार सिंह बरौली, गायत्री देवी परिहार, राजू तिवारी गोविंदगंज, रामविलास कामत पिपरा, सुधांशु शेखर हरलाखी, राणा रणधीर मधुबन, विनय कुमार चौधरी बेनीपुर, कृष्ण कुमार ऋषि बनमनखी, अरुण मांझी मसौढ़ी और रत्नेश कुमार पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से बताया गया कि इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग को अधिसूचना जारी करने के लिए पत्र भेज दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सभी नवमनोनीत सभापतियों, मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक और सचेतकों को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए सदन की कार्यवाही को प्रभावी और सुचारु बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

# मजबूत परिवार से ही मजबूत समाज : मंत्री श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल (यू) विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने परिवार दिवस पर कहा कि परिवार सिर्फ रक्त संबंधों का समूह नहीं होकर प्रेम, विश्वास, संस्कार और सहयोग की सबसे मजबूत नींव है। समाज की मजबूती भी सशक्त परिवारों पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि जब परिवार में आपसी प्रेम, एकता और सम्मान बना रहता है। तब समाज में शान्ति, सद्भाव और नैतिकता का वातावरण विकसित होता है। परिवार की एकजुटता ही समाज और राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। परिवार दिवस पर हम सभी मजबूत, संस्कारी और प्रेमपूर्ण परिवारों के निर्माण का संकल्प लें।

# डिजिटल क्रांति से सशक्त होगा बिहार का किसान

## 'बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा' बदलेंगे खेती की सूरत : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय सिन्हा की अध्यक्षता में आज कृषि भवन, पटना में 'बिहार कृषि ऐप' की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में किसानों के बीच ऐप के प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण, मॉनिटरिंग और किसान सहभागिता को सुदृढ़ करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निदेशित किया कि ग्रामीण स्तर पर कृषि डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर युवा किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जायें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं को 'बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा' के रूप में पहचान दिलायी जायेगी जो अन्य किसानों को ऐप के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिहारी डिजिटल कृषि योद्धाओं को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए ऐप को अब हिंदी और अंग्रेजी के साथ-साथ मगही, भोजपुरी, अंगीका और बज्जिका भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक किसान पंजीकरण सुनिश्चित करने वाले शीर्ष 5 जिलों, 5 प्रखंडों और 5 पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागीय कर्मियों को भी पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। किसानों के बीच इस ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य के सभी कृषि कार्यालयों में होर्डिंग, बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे। बामेती के माध्यम से आयोजित होने वाले सभी प्रशिक्षण सत्रों में किसानों को ऐप की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐप में अब गरमा फसल के स्थान पर ग्रीष्मकालीन फसल शब्दावली का उपयोग किया जाएगा। उसी तरह इसमें वासंतिक (रबी फसल) एवं शारदीय फसलों (खरीफ फसल) से संबंधित जानकारी भी शामिल की जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिहार कृषि ऐप की शुरूआत 19 मई, 2025 को की थी जिसके बाद बिहार कृषि ऐप पर वर्तमान में लगभग 11.50 लाख किसान पंजीकृत हैं और हमने इस साल के अंत तक लगभग 80 लाख किसानों को पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा है। इस ऐप के माध्यम से किसानों को की सुविधाएं मिल रही हैं, जैसे - नजदीकी दुकानों में उर्वरक की उपलब्धता की रियल-टाइम जानकारी। सरकारी योजनाओं के लिए एकल विंडो इंटरफेस और किसान पासबुक। बाजार मूल्य, मौसम चेतावनी और पौधा संरक्षण सलाह। मृदा स्वास्थ्य कार्ड और पीएम एआई-आधारित चैटबोट। बिहार कृषि रेडियो सुनने की विशेष सुविधा। बैठक के अंत में मंत्री ने निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण अभियान चलाकर मुख्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि राज्य का हर किसान डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन सके। बैठक में प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल, विशेष सचिव, बीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. आनंद रंजन झा ने उपमुख्यमंत्री से मिल कर केवाइपी को पूर्ववत जारी रखने का किया आग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा एवं राकेश सिन्हा ने पटना स्थित बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) को सात निश्चय पार्ट-3 में पूर्ववत जारी रखने का आग्रह किया। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि वर्ष 2016 से संचालित केवाईपी योजना ने बिहार के लाखों युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज भी यह योजना राज्य के युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावशाली साबित हो रही है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया कि बिहार के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस योजना को सात निश्चय पार्ट-3 में बिना किसी बाधा के निरंतर जारी रखा जाए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने विषय को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। डॉ. आनंद रंजन झा ने आशा व्यक्त की कि सरकार द्वारा शीघ्र ही इस दिशा में उचित निर्णय लिया जाएगा जिससे राज्यभर के हजारों प्रशिक्षण केंद्रों एवं इससे जुड़े युवाओं को राहत मिलेगी।

# एक साल में 10 लाख महिलाओं का भरोसा बनी पिंक बस

## 2.50 करोड़ हुई आय, सैकड़ों महिला संवाहकों को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल 'पिंक बस' को शुरू हुए एक वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान 10 लाख से अधिक महिला यात्रियों ने इन बसों का सफर किया जिससे बिहार राज्य पथ परिवहन निगम को लगभग ढाई करोड़ रुपये की आय हुई है। पहले जहां महिलाएं घर की चहारदीवारी तक सीमित रहती थीं, आज वो स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों तक जाने के लिए सड़कों पर बेताबी से पिंक बस का इंतजार करती नजर आती हैं। प्रति महीने औसतन 83 हजार से अधिक लड़कियां व महिलाएं ऑटो रिक्शा छोड़ पिंक बस के जरिये सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचती हैं। यह बदलाव बिहार में महिलाओं के लिए उठाए जा रहे सकारात्मक कदमों का नतीजा है। इस किफायती सफलता का पूरा श्रेय इन्हीं महिलाओं को जाता है जिनकी भागीदारी और विश्वास ने इस योजना को धरातल पर सार्थक बनाया। निगम के अनुसार सीएनजी आधारित पिंक बसें पटना सहित छह प्रमंडलों पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, पूर्णिया और दरभंगा में संचालित हो रही हैं। वर्तमान में कुल 100 पिंक बसें चल रही हैं जिनमें पटना में 30, मुजफ्फरपुर में 20, गयाजी में 15, दरभंगा में 15, भागलपुर में 10 और पूर्णिया में 10 बसें हैं। सबसे अधिक 5 लाख 74 हजार महिला यात्री राजधानी पटना में पिंक बस से यात्रा कर चुकी हैं।

पिंक बस से जुड़कर 100 से अधिक महिलाओं को बस संवाहक के रूप में नौकरी मिल चुकी है। इधर, 6 महिला ड्राइवर भी पिंक बस की कमान संभालने के लिए ट्रेनिंग फेज से गुजर रहीं हैं। सरकार की इस पहल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# दानापुर मंडल में पांच जून तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दानापुर।** दानापुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान (15 मई से 5 जून 2026 तक) का दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली पर्यावरण अनुकूल आचरण की शपथ। विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत दानापुर मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दानापुर में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार की अध्यक्षता में अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण बनाए रखने हेतु मंडल रेल प्रबंधक द्वारा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षारोपण, सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम, जल संरक्षण एवं स्वच्छता एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत दानापुर मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों, कार्यालय परिसरों एवं रेलवे कॉलोनियों में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, नुक्कड़ जागरूकता कार्यक्रम तथा कर्मचारियों एवं आमजन के बीच पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों का प्रसार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशनों एवं कॉलोनियों में साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु विशेष अभियान भी चलाया जाएगा।

# अमृतसर और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-जनकपुर रोड-सकरी-झंझारपुर-निर्मली-सरायगढ़-राघोपुर-फॉरबिसगंज-अररिया के रास्ते अमृतसर और न्यू जलपाईगुडी के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 04654/04653 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर स्पेशल का गाड़ी सं. 14664/14663 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन अमृतसर से प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा न्यू जलपाईगुड़ी से प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 14664 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 14 मई, 2026 से प्रत्येक वृहस्पतिवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 13.25 बजे नरकटियागंज, 13.57 बजे सिकटा, 14.25 बजे रक्सौल, 15.21 बजे बैरगनिया, 16.30 बजे सीतामढ़ी, 17.10 बजे जनकपुर रोड, 17.46 बजे कमतौल, 18.10 बजे शीशो हॉल्ट, 19.08 बजे सकरी, 19.33 बजे झंझारपुर, राघोपुर, 22.28 बजे नरपतगंज, 23.30 बजे फारबिसगंज, 23.55 बजे अररिया रूकते हुए तीसरे दिन 04.15 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया 71 रेलकर्मियों को पुरस्कृत

## उत्कृष्ट सेवा के लिए 70 वां मंडल स्तर रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दानापुर।** दानापुर मंडल के पूर्व मध्य रेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल के सृजन प्रेक्षागृह में '70 वां रेल सप्ताह समारोह' का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार एवं निशी देव, अध्यक्षा, दानापुर महिला कल्याण संगठन, उच्च अधिकारियों एवं महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा रेल सप्ताह पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। मोबाइल के लत से होने वाले नुकसान पर एक व्यंग्यात्मक नाटक की प्रस्तुति दी गई जो दर्शकों को खूब पसंद आई। इस अवसर पर विनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि आपको मालूम है कि प्रतिवर्ष आपकी निष्ठा, अनुकरणीय कर्तव्यपालन एवं प्रशंसनीय कार्यों के परिणामस्वरूप मंडल स्तर पर आपको पुरस्कृत करने का यह एक प्रयास है। दानापुर मंडल भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है जो अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाए हुए है। दानापुर मंडल अटूट प्रतिबद्धता के साथ समेकित प्रयास से यात्रियों की सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण यात्रा हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहता है। इस प्रयास में आप सभी का योगदान सराहनीय रहा है। मैं लाइन के कर्मचारियों से विशेष रूप से अपील करता हूं कि संरक्षा संबंधी मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखें और अपने कार्य स्थल पर सेफ्टी फर्स्ट के सिद्धांत पर काम करें। इस अवसर पर अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन निशी देव एवं सदस्याएं, एडीआरएम (इंफ्रा) राजीव कुमार, एडीआरएम (ओपी) वीरेंद्र कुमार, मंडल के सभी शाखा अधिकारी, यूनियन तथा अन्य संगठन के प्रतिनिधिगण, सम्मानित मीडिया के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अतुल कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी ने किया।

# पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे मंत्री, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ईंधन की खपत में कमी लाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश शुक्रवार को अपने आवास से पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियों व कर्मियों से आग्रह किया कि वे निजी वाहनों का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करें और प्रत्येक शुक्रवार या कोशिश करें कि रोजाना की दिनचर्या में भी सार्वजनिक परिवहन, पैदल चलने, साइकिल या ई-वाहन के प्रयोग की आदत डालें।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के कारण आज विश्व ईंधन संकट जैसी चुनौती का सामना कर रहा है। साथ ही तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन और बदलती जीवनशैली का मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में परंपरागत ईंधन पर निर्भरता कम करना समय की आवश्यकता है। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम होगा, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा और स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# अपराधियों को सजा दिलाने की बढ़ी रफ्तार, 4 महीने में 453 को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सख्त इन्हें सजा दिलाने की रफ्तार तेज हो गई है। इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक 7 हजार 624 अपराधियों को सजा दिलाई गई है। इसमें 453 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दी गई। 253 अभियुक्तों को 10 वर्ष या उससे अधिक वर्ष की सजा सुनाई गई है। पॉक्सों एवं रेप के 218 कांडों में 267 अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा दिलाई गई है। यह जानकारी एडीजी (मुख्यालय) सुनील कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी श्री कुमार ने कहा कि जनवरी से अप्रैल तक जिन कुछ प्रमुख अपराधों में अपराधियों को सजा दिलाई गई है उसमें आर्म्स एक्ट के 252 मामलों में 318 अपराधी, हत्या के 213 मामलों में 508, डकैती के 17 में 34, लूट के 59 में 66, अपहरण के 51 मामलों में 62 अपराधियों को सजा दिलाई गई है। इसके अलावा सभी अपराधों में कुल सजा दिलाने वाले अपराधियों में 10 वर्ष से कम सजा पाने वाले अपराधियों की संख्या 651, 2 वर्ष से कम सजा पाने वालों की संख्या 981 और जुर्माना या बंदपत्र के आधार पर छोड़े गए अभियुक्तों की संख्या 68 हजार 284 है। फरवरी महीने में दो अपराधियों को फांसी की सजा भी दी गई है। प्रेस वार्ता के दौरान एडीजी (विधि-व्यवस्था) सुधांशु कुमार ने बताया कि मोतिहारी, समस्तीपुर, वैशाली, सीवान और मधुबनी में एसपी (ग्रामीण) का पद सृजन किया गया है। यह पद इन जिलों में विधि-व्यवस्था को सुचारू तरीके से संचालित करने के उदेश्य से किया गया है। इससे कांडों का निष्पादन तेजी से होगा। प्रेस वार्ता के माध्यम से आईजी (साइबर) रणजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि सर्वाधिक ऑनलाइन शिकायत और एफआईआर दर्ज करने में बिहार का स्थान देश में चौथा है।

# कभी पिछड़ी थीं पंचायतें, आज बन गईं विकास की पहचान

## पीएआई 2.0 में बने सर्वश्रेष्ठ, एलएसडीजीएस थीम पर मुख्य फोकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में बिहार की कुछ पंचायतों ने उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई 2.0) में इन पंचायतों ने समग्र विकास, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। रोहतास जिले की तेलकप पंचायत की मुखिया सुनीता टोप्पो के कुशल नेतृत्व में पंचायत ने पीएआई में गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका संवर्धन थीम में 88.88 का शानदार स्कोर हासिल किया। 2025 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार में तेलकप पंचायत को सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में देश में द्वितीय व बिहार में प्रथम स्थान मिला है। पंचायत ने एलएसडीजीएस के सभी 9 थीम्स पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। मुखिया सुनीता टोप्पो ने बताया कि पंचायत पहले शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ी हुई थी। यहां अनूसूचित जाति-अनूसूचित जनजाति की आबादी अधिक है व बच्चों और महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता की भी कमी थी। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ा गया। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए जीविका समूहों के माध्यम से दुकान, बकरी पालन, मनरेगा और हस्तशिल्प (बांस की टोकरियां, सूप आदि) से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया गया। नतीजतन यहां अधिकांश महिलाएं रोजगार से जुड़ चुकी हैं। पंचायत में तीन स्थानों पर वाई-फाई युक्त लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं।

# संपादकीय

## हिमाचल के युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय

हिमाचल सरकार ने एक जून से शिक्षा संस्थानों में चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला भी किया है। मगर यह तभी सार्थक होगा, जब अभिभावकों को भी इससे जोड़ा जाएगा। शांतिप्रिय राज्य की छवि वाले हिमाचल प्रदेश में अब युवाओं के बीच नशे की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। नशीले पदार्थों का जाल न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण इलाकों तक फैल गया है। एक खास तरह का नशीला पदार्थ, जिसे स्थानीय भाषा में चिट्टा कहा जाता है, उसकी लत युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रही है।दरअसल, जम्मू और पंजाब की सीमाओं से सटे होने के कारण हिमाचल में नशीले पदार्थों की तस्करी का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जांच एजेंसियों के तमाम दावों के बावजूद नशे के इस तंत्र पर रोक नहीं लग पा रही है। अब प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए सरकारी नौकरी के लिए युवाओं का 'एंटी चिट्टा टेस्ट' अनिवार्य कर दिया है। साथ ही मेडिकल और इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की भी हर वर्ष ऐसी ही जांच कराई जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि सरकार के इस कदम से युवाओं को नशे से दूर रखने में कुछ हद तक मदद मिल सकती है।हिमाचल सरकार ने एक जून से शिक्षा संस्थानों में चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला भी किया है। मगर यह तभी सार्थक होगा, जब अभिभावकों को भी इससे जोड़ा जाएगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेती और घरेलू कार्यों की व्यस्तता की वजह से माता-पिता अपने बच्चों पर ज्यादा नहीं दे पाते हैं और उन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी की भी कम ही जानकारी होती है।ऐसे में किशोरों और युवाओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी जागरूक करने की जरूरत है, ताकि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रख सकें और उन्हें नशे के दलदल में उतरने से रोक सकें। इसके अलावा राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ अभियान से जुड़ने वाले अधिकारियों की वार्षिक रपट में भी इस कार्य का उल्लेख करने की बात कही है। यह वास्तव में एक व्यावहारिक पहल है।इसमें दोराय नहीं कि राज्य सरकार सतही उपायों के बजाय धरातल पर काम करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसे राज्य में शिक्षित युवाओं को रोजगार देने की दिशा में भी व्यापक स्तर पर कदम उठाने होंगे, क्योंकि नशे का सेवन करने वालों में छात्रों और बेरोजगार युवाओं की तादाद अधिक है।

# ममता का किला ढहाने के लिए भाजपा की बंगाल विजय में अहम रही संघ की भूमिका

(श्यामलाल यादव)

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जो प्रचंड जीत मिली है, उसमें बीजेपी संगठन के अलावा आरएसएस की भूमिका काफी अहम रही है। आरएसएस के कार्यकर्ताओं और प्रचारकों का कहना है कि टीएमसी के शासन में उन्हें काम करने में सबसे ज्यादा दिक्कतें आई थीं। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की अभूतपूर्व जीत में वैसे तो कई कारक रहे हैं, लेकिन एक अहम बिंदु आरएसएस का है। बीजेपी के लिए आरएसएस ने पिछले एक दशक में शांत तरीके से जमीन पर उतरकर काम किया। संगठन में विस्तार की पुरजोर कोशिशें कीं। उसी का नतीजा है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी सत्ता तक पहुंच गई। बीजेपी ने बंगाल के इस बार के विधानसभा चुनाव में हिंदुत्व का मुद्दा मुखरता के साथ उठाया था लेकिन ऐसा नहीं हैं, कि ये बीजेपी के लिए कोई नया मुद्दा नहीं बल्कि यहां हिंदू पहचान की राजनीति का इतिहास एक सदी पुराना है। इसके बावजूद आरएसएस और बीजेपी के पूर्ववर्ती संगठन यानी जनसंघ बंगाल में अपनी जड़े जमाने में कामयाब नहीं हो पाया।

**बंगाल में लंबा रहा है बीजेपी का संघर्ष** – साल 1951 के बंगाल चुनाव में भारतीय जनसंघ ने 9 विधानसभा सीटें जीती थीं, और 12.57 वोट प्रतिशत का वोट भी हासिल किया था लेकिन उसके बाद यहां से जनसंघ का नामोनिशान मिटता चला गया। इसके बाद जनसंघ का स्वरूप बदला और वो भारतीय जनता पार्टी बन गई। यह लंबा सूखा 2014 में तब समाप्त हुआ, जब बीजेपी ने उपचुनाव में अपनी पहली विधानसभा सीट जीती। बीजेपी ने साल 2016 में 3, 2021 में 77 सीटें जीती थीं। वह मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई थी। इस बार के चुनाव में 207 सीटों के साथ प्रचंड जीत के साथ सरकार बना ली। वरिष्ठ आरएसएस पदाधिकारियों ने बताया कि चुनावी लिहाज से निर्णायक मोड़ 2021 के विधानसभा चुनाव में आयास क्योंकि आरएसएस को यह समझ आ गया था कि अब ममता बनर्जी के खिलाफ चुनावी लड़ाई जीती जा सकती है। पिछले दो वर्षों में संघ ने भाजपा के जमीनी स्तर के तंत्र में मौजूद कमियों को पूरा करने के लिए अन्य राज्यों से 2,000 पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को जुटाया था।

**संघ ने जमीन पर उतारे थे कार्यकर्ता** – ये कार्यकर्ता संघ और पार्टी के कैडर से लिए गए थे। इन कार्यकर्ताओं के सभी खर्चों का वहन पार्टी द्वारा किया गया था और उन्हें एक ही लक्ष्य दिया गया था। जमीन स्तर पर गांवों, बस्तियों विशिष्ट समुदायों के बीच काम करने के लिए आरएसएस ने पूरी ताकत झोंकी थी। संघ की भूमिका बीजेपी की राजनीतिक सफलता का मार्ग प्रशस्त करने वाली सामाजिक और मनोवैज्ञानिक परिस्थितियाँ बनाने की थी। 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी को बंगाल में काफी बड़ा झटका लगा था। इसका काफी हद तक कारण ये माना गया था, कि संघ और बीजेपी के बीच किसी भी तरह का समन्वय स्थापित न हो पाना था।। तत्कालीन अध्यक्ष जेपी नड्डा ने द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक साक्षात्कार में यह संकेत दिया था कि पार्टी को अब आरएसएस की जरूरत नहीं है। उनके इस बयान के बाद आरएसएस ने कथित तौर पर अपनी सक्रियता जमीन पर काफी कम कर दी थी।

**इस बार के चुनाव में बेहतर था समन्वय** – आरएसएस की मध्य बंगाल इकाई के एक पदाधिकारी ने इस बार के चुनाव को लेकर कहा, लगातार समन्वय बना रहा। बीजेपी कार्यकर्ता राजनीतिक लड़ाई में सबसे आगे थे, हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को निडर होकर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। बता दें कि राज्य में आरएसएस की संगठनात्मक संरचना उत्तर, मध्य और दक्षिण बंगाल के तीन क्षेत्रों में विभाजित है।

राज्य के बाहर से आए 2,000 कार्यकर्ता बारी-बारी से काम करते थे जिनकी न्यूनतम तैनाती तीन महीने की होती थी। 150 से अधिक वरिष्ठ नेता, अन्य राज्यों के विधायक और चुनाव प्रबंधन के अनुभवी लोग भी लगभग दो वर्षों तक राज्य में डेरा डाले रहे। इन नेताओं ने विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में कार्य किया और उनकी भूमिका पारंपरिक चुनाव प्रचार से कहीं अधिक व्यापक थी।

**भय के बीच कार्यकर्ताओं ने किया काम** – एक बीजेपी नेता ने कहा, कई जगहों पर तो हमारे आरएसएस-भाजपा कार्यकर्ता भी डरे हुए थे और कई जगहों पर उन्होंने शिकायत की कि टीएमसी के लोगों ने उन्हें धमकाया है। डर के मारे हमारे कुछ कार्यकर्ताओं ने काम करना भी बंद कर दिया, लेकिन हमने उन्हें समझाया कि चिंता न करें। हमने उन्हें टीएमसी कार्यकर्ताओं से झड़पों से बचने और घर-घर जाकर संपर्क साधने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। जाति, समुदाय, महिला और छात्र समूहों के साथ-साथ शिक्षक और पेशेवर नेटवर्क में तैनात इन कार्यकर्ताओं ने 15-20 लोगों की अनेकों सभाएं कीं। इनमेंमें बंगाली गौरव, महिलाओं की सुरक्षा, बेरोजगारी और आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार और हत्या मामले और सांप्रदायिक विभाजन जैसे भावनात्मक मुद्दों पर सावधानीपूर्वक तैयार किए गए चर्चा बिंदु शामिल थे।



**सुनील बंसल का डेटा मैनेंजमेंट** – जमीनी स्तर की ताकत के अलावा, बीजेपी-आरएसएस ने ऐसी नियुक्तियां भी कीं, जिनसे अंततः अच्छे परिणाम मिले। 2016 के चुनावों में भूपेंद्र यादव और कैलाश विजयवर्गीय की जोड़ी सत्ता में थी। 2021 तक पार्टी ने अपने संयुक्त महासचिव (संगठन) शिव प्रकाश और राष्ट्रीय सचिव अरविंद मेनन को तैनात कर दिया था। शिव प्रकाश ने आरएसएस की तर्ज पर लगभग पांच साल जमीनी स्तर पर काम किया। बंगाल के प्रभारी वर्तमान भाजपा महासचिव सुनील बंसल ने अपने पूर्ववर्तियों द्वारा स्थापित मॉडल को और बारीकी से लागू किया। उत्तर प्रदेश के एक नेता ने बंगाल चुनाव में 6 महीने बिताए थे। उन्होंने बताया कि सुनील बंसल और पार्टी द्वारा इस चुनाव में डेटा-आधारित सटीकता के साथ किए गए कार्य की सराहना की।

उन्होंने कहा, डेटा के मामले में रिसर्च इतनी गहरी थी कि अन्य राज्यों से नियुक्त किए गए 294 विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रभारियों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित 20-25 पृष्ठों की एक फ़ोल्डर दी गई थी। इसमें स्थानीय मुद्दे, पिछले कुछ चुनावों का मतदान पैटर्न, क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता, विभिन्न दलों के प्रमुख पदाधिकारियों के विवरण और संपर्क, साथ ही उनकी कमजोरियां और ताकतें जैसी जानकारियां भी शामिल थीं।

**2016 से डेटा तैयार कर रही थी टीम** – पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर बीजेपी संगठन के नेताओं ने जिस डेटा का इस्तेमाल किया था। वह 20216 से बीजेपी के लिए काम करने वाली राजनीतिक रणनीति बनाने वाली एक कंपनी ने जुटाया था। कंपनी के डेटा को देख स्थानीय स्तर के नेता भी काफी चौंक गए थे। उत्तर प्रदेश के एक नेता ने कहा, हम विधानसभा क्षेत्रों में सभी आवश्यक आंकड़ों से लैस थे। स्थानीय नेता और कार्यकर्ता अक्सर जमीनी स्तर की जानकारी और अन्य दलों के नेताओं के बारे में हमारे ज्ञान और समझ से आश्चर्यचकित रह जाते थे। सूची में यह भी शामिल था कि हमारे क्षेत्र में टीएमसी के कौन से नेता अप्रत्यक्ष रूप से हमारे लिए काम कर सकते हैं और उनसे संपर्क किया जा सकता है।

**टीएमसी ने भी दिया मौका** – संघ के नेताओं ने कहा कि टीएमसी की वजह से आरएसएस और बीजेपी का विकास हो सकता है। चुनाव के दौरान राज्य भर में तैनात रहे कोलकाता के संघ एक वरिष्ठ प्रचारक ने कहा, अगर टीएमसी सरकार नहीं होती, तो पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत संभव नहीं होती। राज्य में हमारा काम टीएमसी के उदय और मजबूती के साथ बढ़ा और ममता बनर्जी के नेतृत्व में उनकी मुस्लिम तुष्टीकरण नीतियों के कारण राज्य में सांप्रदायिक विभाजन और भी गहरा गया। 2011 से पहले हमारे पास बहुत कम बंगाली प्रचारक थे। ये वैसी ही स्थिति थी, जैसी पंजाब में बीजेपी की है, जहां उसके पास बेहद कम प्रचारक थे। अब हमारे पास बंगाली प्रचारकों की एक लंबी सूची है, जिनमें न केवल पश्चिम बंगाल मूल के लोग हैं, बल्कि बांग्ला भाषी लोग भी शामिल हैं। एक अन्य आरएसएस पदाधिकारी ने कहा, वामपंथी शासन के दौरान सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण करना मुश्किल था। टीएमसी के शासनकाल में यह बहुत आसान हो गया। टीएमसी के शासनकाल में संघ के विस्तार की ओर इशारा करते हुए अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि राज्य भर में आरएसएस की 1,500 से अधिक दैनिक शाखाएं संचालित होती थीं। अगर यदि साप्ताहिक और मासिक सभाओं का जिक्र करें तो ये संख्या और ज्यादा प्रभावशाली भी नजर आएगी।

**किसी राज्य में आरएसएस को नहीं हुई बंगाल जैसी दिक्कतें** – आरएसएस नेता ने कहा, समय बीतने के साथ हमने महसूस किया कि बंगाली हिंदुओं के बीच टीएमसी और उसके नेतृत्व के प्रति एक प्रकार की नफरत बढ़ रही थी। हमने पाया कि जिन महिलाओं से हम संपर्क कर रहे थे, उनमें से बड़ी संख्या में महिलाएं ममता बनर्जी के खिलाफ हो गई थीं। आरएसएस के नेताओं ने कहा कि शाखाएं आयोजित करना संघ के लिए काफी मुश्किल हो गया था। इसको लेकर एक पदाधिकारी ने कहा कि शायद और कोई राज्य ऐसा नहीं था, जहां हमारे लिए संघ की शाखा का आयोजन करना काफी मुश्किल था।

# परिस्थितियां नहीं, दृष्टिकोण जीवन का निर्माता

(शिशिर शुक्ला)

दृष्टिकोण केवल विचारों का संग्रह ही नहीं है, बल्कि यह हमारे अनुभवों, संस्कारों, शिक्षा और जीवन दृष्टि का समन्वित परिणाम होता है। यह वह नींव है, जिस पर हम अपने निर्णयों, कर्मों एवं भविष्य की इमारत खड़ी करते हैं।

जीवन सतत रूप से गतिशील है। गतिशीलता की इस यात्रा में यह भांति-भांति के रूप धारण करता है। जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण ही हमारे अंतर्मन और जीवन के प्रतिबिंब को निर्धारित करता है। संसार में प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के दौरान लगभग समान परिस्थितियों का सामना करता है। ये परिस्थितियां हैं- सफलता, विफलता, सुख-दुख, आपदा संघर्ष और अवसर। मगर इन परिस्थितियों के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की प्रतिक्रिया भिन्न होती है। यह भिन्नता दरअसल उनके दृष्टिकोण के अंतर से उत्पन्न होती है।

दृष्टिकोण वह मानसिक आईना है, जिसके द्वारा निर्मित प्रतिबिंब के माध्यम से ही हम संसार को देखते और समझते हैं। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मनुष्य के जीवन का स्वरूप परिस्थितियों की अपेक्षा दृष्टिकोण से अधिक प्रभावित होता है।

दृष्टिकोण केवल विचारों का संग्रह ही नहीं है, बल्कि यह हमारे अनुभवों, संस्कारों, शिक्षा और जीवन दृष्टि का समन्वित परिणाम होता है। यह वह नींव है, जिस पर हम अपने निर्णयों, कर्मों एवं भविष्य की इमारत खड़ी करते हैं। सकारात्मक, व्यापक और उदार नजरिए से युक्त व्यक्ति कठिन व विषम परिस्थितियों में भी अनुकूल अवसर तलाश लेता है। इसके विपरीत अगर दृष्टिकोण संकीर्ण, नकारात्मक और निराशावादी है, तो ऐसा व्यक्ति अनुकूल परिस्थितियों में भी असंतोष और विफलता से ही घिरा रहता है।

पानी से आधे भरे हुए बर्तन को दो रूप में देखा जा सकता है

एक सरल से उदाहरण की सहायता से जीवन में दृष्टिकोण की महत्ता को समझा जा सकता है। पानी से आधे भरे हुए बर्तन को दो रूप में देखा जा सकता है- सकारात्मक नजरिए से आधा भरा एवं नकारात्मक नजरिए से आधा खाली। यही अंतर जीवन के हर क्षेत्र और हर पहलू में दिखता है। दृष्टिकोण ही व्यक्ति की सफलता और विफलता का प्रमुख निर्धारक होता है। जो व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति आशावादी और दृढ़ दृष्टिकोण रखता है, वह कठिनाइयों से लेशमात्र भी विचलित नहीं होता, बल्कि उन्हें सीखने तथा स्वयं को निखारने का अवसर मानकर आगे बढ़ता रहता है।

आज के समय में जीवन की गति अत्यंत द्रुत हो गई है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है। ऐसे में दृष्टिकोण की महत्ता और भी अधिक बढ़ जाती है। आधुनिक जीवन में तनाव, असंतोष और अवसाद जैसी समस्याएं अनियंत्रित रूप से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं का प्रमुख कारण यह है कि हम जीवन की घटनाओं को देखने का संतुलित और सकारात्मक नजरिया अपने भीतर विकसित नहीं कर पा रहे हैं।

वास्तव में जीवन में आने वाली अधिकांश समस्याएं उतनी बड़ी और जटिल नहीं होतीं, जितना कि हम उन्हें अपने दृष्टिकोण के कारण बना लेते हैं। अगर हम उन्हें आत्मपरिष्कार और आत्मविकास के अवसर के रूप में स्वीकार करें, तो वही समस्याएं हमारे व्यक्तित्व को परिमार्जित करने का माध्यम बन सकती हैं। दृष्टिकोण का संबंध केवल आशावाद से ही नहीं है, बल्कि विवेक और संतुलन भी इसे निर्धारित करने में महती भूमिका निभाते हैं।

सकारात्मक दृष्टिकोण का अर्थ यह नहीं है कि हम वास्तविकता से आंखें मूंद लें। इसका अर्थ यह है कि हम परिस्थितियों को समझदारी, बुद्धिमत्ता और धैर्य की कसौटी पर कसने के बाद स्वीकार करें और उनमें सुधार या उनके प्रति प्रतिक्रिया की संभावनाएं तलाशें। आज यह नितांत आवश्यक हो चला है कि हम आलोचनात्मक और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करें, ताकि सत्य और भ्रम के बीच सुस्पष्ट अंतर कर सकें। बिना सोचे समझे किसी भी विचार को स्वीकार कर लेना हमारे दृष्टिकोण को संकीर्ण और असंतुलित बना सकता है।

अगर हमारा दृष्टिकोण उदार और सहानुभूतिपूर्ण है, तो हम दूसरों की भावनाओं और परिस्थितियों को समझने में सक्षम होते हैं। इसके विपरीत अगर हमारा दृष्टिकोण अहंकारपूर्ण और संकीर्ण है, तो वह हमारे संबंधों में दूरी और तनाव उत्पन्न कर सकता है। विविधताओं से भरे समाज में यदि लोग एक-दूसरे के प्रति सम्मान और समझ का दृष्टिकोण रखें, तो बड़े से बड़े मतभेद भी समुचित संवाद के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं, लेकिन अगर दृष्टिकोण कट्टरता और असहिष्णुता से भरा हो, तो वही मतभेद संघर्ष का रूप ले लेते हैं।

# पीएम मोदी के राष्ट्रहित के आह्वान में भी राजनीति क्यों?

(ललित गर्ग)

इसी प्रकार ईंधन के उपयोग में संयम भी समय की आवश्यकता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर है। खाड़ी देशों में युद्ध और अस्थिरता के कारण तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, परिवहन, उद्योग और महंगाई पर पड़ता है।

आज पूरी दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं ने मानव सभ्यता को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। खाड़ी देशों में लंबे समय से चल रहे संघर्ष और युद्ध की विभीषिका ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे तक प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का बाधित होना, डॉलर के मुकाबले विभिन्न देशों की मुद्राओं का कमजोर होना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्पन्न असंतुलन ने लगभग हर राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित किया है। भारत भी इन परिस्थितियों से अछूता नहीं रह सकता। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है और सोने का भी विश्व के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन के संयमित उपयोग और सोने की खरीद को सीमित करने का आह्वान केवल एक आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया दूरदर्शी चिंतन है। दुर्भाग्य यह है कि मोदी की मितव्ययिता की अपील पर पूरे देश को एकजुट होकर गंभीरता से विचार करना चाहिए था, उस विषय को भी राजनीतिक विवाद का हथियार बना दिया गया। कुछ विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री की इस अपील को जनता में भय फैलाने वाला कदम बताया, तो कुछ ने इसे सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास कहा। जबकि वस्तुतः यह अपील राष्ट्र को भविष्य की संभावित चुनौतियों के प्रति सचेत करने और समय रहते आत्मानुशासन अपनाने का संदेश है। यह राजनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी का प्रश्न है। जब विश्व के बड़े-बड़े राष्ट्र आर्थिक संकटों से जूझ रहे हों, तब भारत के प्रधानमंत्री यदि नागरिकों को संयम एवं मितव्ययिता का सूत्र देते हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टि से देखा जाना चाहिए। यह पहला अवसर नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने देश की तरक्की को बनाए रखने की सामूहिक चिन्ता करते हुए मितव्ययिता एवं संयम की अपील की हो।

भारत की संस्कृति मूलतः संयम प्रधान रही है। भारतीय जीवन-दर्शन में संयम को केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति माना गया है। हमारे ऋषियों, मुनियों और महापुरुषों ने सदैव आवश्यकता और विलासिता के बीच अंतर करना सिखाया। महावीर, बुद्ध, गांधी और विनोबा भावे जैसे महापुरुषों ने त्याग और संयम को ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति बताया। भारतीय संस्कृति कहती है कि जितना आवश्यक हो उतना ही उपभोग करो, क्योंकि असीमित उपभोग अंततः संकट को जन्म देता है। यही कारण है कि भारतीय सभ्यता हजारों वर्षों तक टिकाऊ और संतुलित बनी रही। आज जब पूरी दुनिया उपभोक्तावाद के दुष्परिणाम भुगत रही है, तब भारत की यही संयम आधारित संस्कृति समाधान का मार्ग दिखा सकती है। सोने के प्रति भारतीय समाज का आकर्षण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दोनों स्तरों पर गहरा रहा है। विवाह, पारिवारिक उत्सव, धार्मिक परंपराएं और सामाजिक प्रतिष्ठा में सोने का विशेष स्थान है। लेकिन यह भी एक कठोर सत्य है कि भारत का अधिकांश सोना आयातित होता है। हर वर्ष अरबों डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार सोने के आयात पर खर्च होता है। यह सोना उत्पादन या औद्योगिक विकास में उपयोग होने के बजाय घरों और लॉकरों में बंद होकर निष्क्रिय पड़ा रहता है। ऐसे समय में जब विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा हो और रुपये की कीमत लगातार गिर रही हो, तब सोने की खरीद में संयम बरतने की अपील आर्थिक दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है। यह किसी की परंपराओं के विरोध में नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती के पक्ष में उठाया गया कदम है।

इसी प्रकार ईंधन के उपयोग में संयम भी समय की आवश्यकता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर है। खाड़ी देशों में युद्ध और अस्थिरता



के कारण तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, परिवहन, उद्योग और महंगाई पर पड़ता है। यदि नागरिक ईंधन के अनावश्यक उपयोग को सीमित करें, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, ऊर्जा बचत को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, तो इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। संयम का अर्थ केवल त्याग नहीं होता, बल्कि दूरदर्शिता और जिम्मेदारी भी होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील इसी जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित प्रतीत होती है। उन्होंने किसी प्रकार की जबरदस्ती या प्रतिबंध की बात नहीं की, बल्कि नागरिकों से स्वैच्छिक सहयोग की अपेक्षा की। यह लोकतांत्रिक नेतृत्व की पहचान है।

एक जिम्मेदार प्रधानमंत्री का कर्तव्य केवल संकट आने पर कदम उठाना नहीं होता, बल्कि संकट के संकेतों को पहचानकर समय रहते जनता को तैयार करना भी होता है। आज जब दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता के कारण भारी महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव देखने को मिल रहे हैं, तब भारत अपेक्षाकृत स्थिर स्थिति में है। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में अपनाई गई आर्थिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत स्थिति का परिणाम है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी संकटों के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया। महामारी से लेकर युद्धजनित परिस्थितियों तक भारत सरकार ने लगातार राहत योजनाएं चलाईं, गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, किसानों और मध्यम वर्ग को विभिन्न प्रकार की सहायता दी तथा अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने के लिए अनेक कदम उठाए। वैश्विक मंदी और युद्ध के वातावरण में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रमाण है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देशहित के ऐसे विषयों पर भी कुछ राजनीतिक दल संकीर्ण राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहे। लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन हर विषय को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू में तौलना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। यदि प्रधानमंत्री जनता से संयम की अपील करते हैं तो विपक्ष को चाहिए कि वह भी जनता को जागरूक करे, न कि भय और भ्रम का वातावरण बनाए। राजनीति तब तक स्वस्थ मानी जाती है जब तक वह राष्ट्रहित से जुड़ी रहे। लेकिन जब राजनीति केवल विरोध के लिए विरोध करने लगे और राष्ट्रीय संकटों को भी अवसर की तरह देखने लगे, तब वह लोकतंत्र को कमजोर करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरा देश एक परिवार की तरह सोचते हुए राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि माने। संकट के समय संयम, अनुशासन और सहयोग ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। भारत ने इतिहास में अनेक बार यह सिद्ध किया है कि जब भी राष्ट्र पर संकट आया, भारतीय समाज ने अद्भुत त्याग और एकता का परिचय दिया। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर युद्धकाल तक, भारतीय जनता ने अपने निजी हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को महत्व दिया है। आज फिर वही समय है जब हमें समझना होगा कि अनावश्यक उपभोग, दिखावे की प्रवृत्ति और अंधाधुंध विलासिता अंततः देश की आर्थिक मजबूती को कमजोर करती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को इसी व्यापक संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। यह केवल सोना न खरीदने या ईंधन बचाने का संदेश नहीं, बल्कि आत्मसंयम, आत्मअनुशासन और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का संदेश है। भारतीय संस्कृति का मूल स्वर भी यही रहा है कि व्यक्ति अपने आचरण से समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाए। यदि हम संयम को जीवन का हिस्सा बना लें तो अनेक आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान स्वतः संभव हो सकता है। आज दुनिया जिस अनिश्चितता और संकट के दौर से गुजर रही है, उसमें भारत अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में खड़ा है। इसका श्रेय देश की जनता की सामर्थ्य के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी जाता है। ऐसे समय में आवश्यकता राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सकारात्मक सोच की है। संयम केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का आधार है। यदि हम इस भावना को समझ सकें, तो न केवल वर्तमान संकटों का सामना कर पाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### नीट पेपर लीक के खिलाफ गिरिडीह में छात्र मोर्चा का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** देशभर में नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों और युवाओं में बढ़ते आक्रोश के बीच शुक्रवार को झारखंड छात्र मोर्चा (जेसीएम) ने गिरिडीह में विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकालते हुए टावर चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया तथा प्रदर्शनकारियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय से मार्च निकालकर केंद्र सरकार और परीक्षा एजेंसी एनटीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ह्लपेपर चोर-गद्दी छोड़ह्व, ह्लपेपर लीक-मोदी वीकह्व और ह्लछात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करोह्व जैसे नारे लगाए गए। झारखंड छात्र मोर्चा के नेता अभय कुमार ने कहा कि नीट पेपर लीक से देश के लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी एनटीए पर छात्रों का भरोसा खत्म हो चुका है। अभय कुमार ने कहा कि लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है और केंद्र सरकार इस मामले में जवाब देने से बच रही है।महिला नेत्री उमा ठाकुर ने कहा कि छात्रों की उम्मीदें सरकार से टूट चुकी हैं। वहीं महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी ने केंद्र सरकार से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करने की मांग की कार्यक्रम में झारखंड छात्र मोर्चा के नेता विशाल झा, आदित्य यादव, रोहित मंडल, कुंदन सिंह, आर्यन वर्मा, अंकित राज, रौनक मिश्रा, करण यादव, राजू सोरेन, दयानंद, बिट्टू डब्लू, राज पांडे सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए इसके अलावा जिला अध्यक्ष संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पू, बरकत अली, कृष्ण मुरारी शर्मा, प्रमिला कुमारी, प्रीति भास्कर, रीता दास, मुमताज आलम, लोकनाथ सहाय, सरफराज अहमद, परवेज अंसारी, अनुभव सिंह, राकेश गुप्ता, जाकिर हुसैन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गाड़ी का टायर देखने के लिए उतरा चालक व खलासी, ट्रक ने रौंद डाला, दोनों की मौत

**किशनगंज (नबिटासं)।** किशनगंज जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र स्थित एलआरपी एनएच 337 ई ओवर ब्रिज में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक और खलासी दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान ट्रक चालक सोहेल और खलासी सादिक के रूप में हुई है। दोनों उत्तर प्रदेश के शामली जिला के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि दोनों एक ट्रक में प्लाईवुड लोड कर उत्तर प्रदेश से असम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बहादुरगंज थाना क्षेत्र के एलआरपी के पास सड़क किनारे खड़े एक दूसरे ट्रक का टायर खराब हो गया था। उसी को देखने के लिए जा रहे थे।ट्रक सवार सोहेल और सादिक अपने ट्रक से उतरकर खराब टायर को देखने जा रहे थे। इसी दौरान सिलीगुड़ी की ओर जा रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने दोनों को रौंद दिया। जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खलासी सादिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर बहादुरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए किशनगंज सदर अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है तथा हादसे में शामिल चार पहिया वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### अनंत सिंह एवं भोजपुरी गायक गुंजन सिंह की अग्रिम जमानत पर आज हुई सुनवाई

**गोपालगंज (नबिटासं)।** बिहार के मोकामा के जेडीयू विधायक अनंत सिंह एवं भोजपुरी गायक गुंजन सिंह को अग्रिम जमानत पर आज सुनवाई हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय सह विशेष न्यायालय एमपी एमएलए राजेंद्र कुमार पाण्डेय के न्यायालय ने मामले की सुनवाई करने के बाद डायरी और एल सी रिकॉर्ड की मांग करते हुए अगली तारीख 20 मई को मुकर्रर किया है। फिलहाल न्यायालय ने विधायक के गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। यह मामला मीरगंज थाना में दर्ज ऋक्रक्र से जुड़ा है, जिसमें विधायक अनंत सिंह,भोजपुरी कलाकार गुंजन सिंह सहित 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है। यह केस 2 और 3 मई को समर्थकों द्वारा कथित हथियार प्रदर्शन और वायरल वीडियो मामले से संबंधित है। विधायक अनंत सिंह मीरगंज थाना के सेमराव गांव में गुड्डू राय के पुत्र के उपनयन संस्कार में सम्मिलित होने के लिए आए थे। जहां गाने पर एक महिला डांसर के डांस और उसपर रुपए लूटाने का वीडियो वायरल हुआ था वहीं कुछ लोग हथियार लेकर एक डांसर के साथ डांस करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। गोपालगंज सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक ने आज यहां बताया कि जेडीयू विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी कलाकार की जमानत याचिका दायर कर बहस किया गया ।साथ ही गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए भी अदालत से अपील की गई .इस पर न्यायालय ने डायरी और एल सी रिकॉर्ड की मांग करते हुए सुनवाई के लिए अगला तिथि 20 मई को निर्धारित किया गया।लेकिन न्यायालय ने गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो को एडिट कर प्रसारित किया गया है और उस वीडियो से अनंत सिंह व भोजपुरी गायक-अभिनेता का कोई संबंध नहीं है।

### हैरोइन तस्करी के जुर्म में तीन लोगों को 13 वर्षों की कठोर कैद

**पटना (नबिटासं)।** बिहार की राजधानी पटना में मादक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस एक्ट की एक विशेष अदालत ने हैरोइन की तस्करी के जुर्म में आज तीन व्यक्तियों को तेरह-तेरह वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ दो-दो लाख रुपए का जुमार्ना भी किया। एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत संख्या 2 ने मामले में सुनवाई के बाद अब्दुल करीम, चंदन यादव एवं प्रवेश यादव को एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषियों को छ-छ माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो एन सी बी के अधिकारियों ने वर्ष 2023 में गुप्त सूचना के आधार पर पटना के कंकड़वाग थाना क्षेत्र के कुमहार टोली, चौधरी पेट्रोल पम्प के निकट से दोषियों को 920 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ़्तार किया था। हैरोइन की यह खेप बेगुसराय से लाई जा रही थी। उन्होंने आगे बताया कि अभियोजन ने इस मामले में आरोप साबित करने के लिए जहां विशेष अदालत में आठ गवाहों का बयान कलम बंद करवाया था वहीं 62 कागजात भी पेश किए थे।

### साले की हत्या के आरोपी जीजा सहित दो को उम्र कैद की सजा

**शिवहर (नबिटासं)।** शिवहर-व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने जिले के तरीयानी थाना कांड संख्या 190 / 23 में अपने साला की निर्मम हत्या करने वाले जीजा सहित दो को उम्र कैद की सजा सुनाया गया है ' वहीं धारा 120 बी के तहत अर्थदण्ड एवं पांच वर्ष की अतरिक्त सजा सुनाया गया है। मामले में सरकार की ओर से पक्ष रखने वाले लोक अभियोजक सुरेश राय ने बताया है कि तरियानी थाना कांड संख्या 190 /23 सरकार बनाम दीपक के मामले की सुनवाई करते हुए जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार की अदालत ने अभियुक्त दीपक कुमार एवं मंटू कुमार ग्राम सुरागहिया थाना तरीयानी को उम्र कैद की सजा सुनाया है। लोक अभियोजक ने बताया कि तरीयानी थाना क्षेत्र के कस्तूरिया गांव निवासी मदन कुमार के पुत्र सुरज कुमार को अपना ही जीजा दीपक कुमार अपने घर झंडा देखने के लिए बुलाकर साजिश रच कर निर्मम हत्या कर झाड़ी में शव को छुपा दिया था। एकलौता साला सुरज कुमार को धन के लालच में हत्या करने पर भारतीय दंड विधान की धारा 302/34 में उम्र कैद की सजा सुनाई गई है एवं अर्थ दंड भी दी गई है' वहीं 120 बी के तहत अर्थ दंड एवं पांच वर्ष की अतिरिक्त सजा सुनाई गई है।

# जनता दरबार में 57 मामलों की सुनवाई, जिलाधिकारी ने शिकायतों के समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया ।** सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत संचालित सबका सम्मान - जीवन आसान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की गई। कुल 57 मामलों पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



जनता दरबार में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग, गृह विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग तथा शिक्षा विभाग से संबंधित मामले भी सामने आए। जनता दरबार में रानीगंज प्रखंड के बसैती पंचायत निवासी अजहर अंसारी ने बासगीत पर्चा वाली भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया। रानीगंज प्रखंड के परसा हाट निवासी शुभम कुमार मेहता ने मुख्य सड़क की मरम्मत कराने की मांग रखी। नरपतगंज प्रखंड के रेवाही निवासी मो. ऐनुल ने भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। भरगामा प्रखंड के धनेश्वरी निवासी कामेश्वर यादव ने पंचायत सचिव का सेवार्थ लाभ के भुगतान से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की। अररिया नगर परिषद निवासी जीवछलाल बहादुर एवं छवेलाल बहादुर ने माता विषहरी स्थान के सौंदर्यीकरण कराने का अनुरोध किया। रानीगंज प्रखंड के हसनपुर निवासी पिंकी देवी ने अनुकंपा के आधार बहल डीलर चयन की जांच कराने की मांग की। जोकीहाट निवासी अजीम उद्दीन ने विद्यालय में छात्र के नामांकन से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। वहीं, नरपतगंज प्रखंड के भंगही पंचायत निवासी नेघु राम ने भूमि मापी कराने हेतु आवेदन दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया करें।

## जमुआ पुलिस की बड़ी कामयाबी, लूट कांड का खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूटी गई नकदी का कुछ हिस्सा, घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन तथा दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं जानकारी के अनुसार, 12 मई 2026 की सुबह करीब 8:15 बजे जमुआ चौक स्थित वंशी साव की दुकान सह मकान में दो अपराधी ग्राहक बनकर पहुंचे।

चावल खरीदने के बहाने दुकान खुलवाने के बाद दोनों घर के अंदर घुस गए और मारपीट व भय दिखाकर 50 हजार रुपये नकद तथा एक सोने की चेन लूट कर फरार हो गए घटना के बाद जमुआ थाना में कांड संख्या 130/2026 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार आरोपियों में बिनोद कुमार साव (35) ग्राम मिरजागंज, जमुआ, गुड्डु कुमार लहरी (28) ग्राम पचम्बो, कोडरमा तथा नन्दकिशोर रविदास उर्फ मन्टु (31) ग्राम चंदौरी, तिसरी शामिल




हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल 11,100 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन, एक पल्सर मोटरसाइकिल (जेएच 11ए एम 5501) तथा एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल (जेएच 11एई 4661) बरामद किया है इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ राजेन्द्र प्रसाद, इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी विभुति देव, एसआई रोहित कुमार सिंह, हिरोडीह थाना प्रभारी महेश चन्द्रा, तिसरी थाना प्रभारी शम्भु नन्द ईश्वर, सअनि वेद प्रकाश पाण्डेय, सअनि सुमित कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सिंघानी महामाया मेडिकल में निःशुल्क ऑर्थो कैंप, 100 मरीजों ने उठाया लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर स्थित सिंघानी महामाया मेडिकल में वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार के द्वारा निःशुल्क ऑर्थो चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लगभग 100 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। कैंप के दौरान हड्डी, जोड़, कमर दर्द, घुटना दर्द, हाथ-पैर की चोट तथा अन्य ऑर्थोपेडिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की गई। मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय सलाह के



साथ दवाइयों एवं आगे के उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई। डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती शारीरिक समस्याओं के कारण लोगों में हड्डी एवं जोड़ों से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना जरूरी है। शिविर के सफल आयोजन में मेडिकल संस्थान के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैंप में पहुंचे लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा सेवा के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### रामभद्रपुर-थलवारा के बीच ट्रैक दोहरीकरण का कार्य पूरा : डीआरएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के रामभद्रपुर-थलवारा के बीच शेष बचे 12 किलो मीटर दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने आज यहां बताया कि पूर्वी कोलकाता के रेल संरक्षा आयुक्त गुरू प्रकाश द्वारा समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 12 किलोमीटर रेलखंड का 14 मई को निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा थलवारा से रामभद्रपुर स्टेशनों के बीच विशेष ट्रेन द्वारा 120 किमी की गति से स्पीड ट्रायल भी किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड के बीच 38 किलोमीटर दोहरीकरण का कार्य पूरा हो जाने से ट्रेनों के परिचालन मे काफी सुविधा होगी।

## 71 बच्चों का सुरक्षित पुनर्वास जिला प्रशासन की तत्परता से संभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बाल कल्याण समिति, अररिया के माध्यम से कुल 71 बच्चों को उनके परिजनों के बीच सुरक्षित रूप से पुनर्वासित किया गया। उल्लेखनीय है कि उड़ीसा के कटक क्षेत्र में अररिया जिले के 71 बच्चों को रेस्क्यू किया गया था। सूचना प्राप्त होते ही जिला पदाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई को आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों के शीघ्र एवं सुरक्षित पुनर्वास का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया द्वारा विभागीय प्रावधानों के अनुरूप सभी बच्चों का सामाजिक अन्वेषण प्रतिवेदन तैयार कर उड़ीसा के कटक जिला प्रशासन को प्रेषित किया गया। इस दौरान दोनों जिलों के प्रशासन एवं बाल कल्याण समिति के बीच लगातार समन्वय स्थापित किया गया। कटक प्रशासन के सहयोग से सभी बच्चों को समुचित सुरक्षा व्यवस्था के बीच बस द्वारा बिहार के लिए रवाना किया गया। दिनांक 14 मई 2026 को सभी बच्चे अररिया पहुंचे। तत्पश्चात बाल कल्याण समिति, अररिया के समक्ष प्रस्तुत कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत सभी बच्चों को उनके माता-पिता/ अभिभावकों को सुपुर्द किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी बच्चों की सुरक्षा एवं कल्याण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भीषण गर्मी और हीट वेव की समस्या पर सामुदायिक परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अम्बेडकर सामाजिक संस्थान, गिरिडीह एवं सीड संस्था, रांची के संयुक्त तत्वावधान में अम्बेडकर भवन, ऑफिसर कॉलोनी, गिरिडीह में ह्लसामुदायिक परिचर्चाह्व के तहत भीषण गर्मी और हीट वेव की समस्या एवं उसके समाधान पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन गिरिडीह मेयर प्रमिला मेहरा ने किया अपने उद्घाटन संबोधन में मेयर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज वैश्विक चिंता का गंभीर विषय बन चुका है।

उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के बिना जलवायु संकट का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने वर्षाजल संरक्षण और



संचयन पर जोर देते हुए कहा कि हर घर में सोख्ता निर्माण तथा शहरी मकानों, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य किया जाना चाहिए। साथ ही पंचायतों, नगर निगम और नगर निकायों में ऐसे नियमों को कड़ाई से लागू करने की आवश्यकता बताई परिचर्चा में ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने जलवायु परिवर्तन और हीट वेव के कारण गांवों के जनजीवन पर पड़ रहे प्रभावों पर चिंता जताई। वक्ताओं ने कहा कि जंगलों के लगातार उजड़ने से हाथियों का गांवों में प्रवेश बढ़ गया है, जिससे जान-माल की हानि आम बात हो गई है। मनरेगा के तहत डोभा, पोखर, कुआं और तालाब निर्माण को बढ़ावा देकर जल संरक्षण के स्थायी स्रोत विकसित करने की मांग की गई जन संस्कृति मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सिविल सोसायटी के कार्यकारी सचिव शंकर कुमार पाण्डेय ने कहा कि जलवायु संकट ताप वृद्धि, जैव विविधता के लोप और आर्थिक विषमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह संकट मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है समाजवादी जन परिषद के प्रदेश सचिव अधिवक्ता धरनीधर प्रसाद ने कहा कि अंधाधुंध विकास और पूंजीवादी व्यवस्था ने वैश्विक जलवायु संकट को गहरा किया है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को शुद्ध पानी और स्वच्छ हवा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## भीषण गर्मी और लू से निपटने के लिए कैमूर जिला प्रशासन मुस्तैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कैमूर।** वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा आपदा विभाग से संबंधित यथा जिले में लू की स्थिति, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं और पशु संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिले के विभिन्न नगर निकायों (भभुआ, मोहनियां, कुदरा, हाटा, रामगढ़) में अब तक कुल 136 पियाउ केंद्रों की व्यवस्था की गई है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (ढऌएऊ) द्वारा जिले में खराब पड़े 1014 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है और 29 टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। नगर परिषद भभुआ में 26 जलापूर्ति योजनाओं के जरिए पेयजल पहुँचाया जा रहा है। जिले में लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए विशेष हीट वेव वार्ड बनाए गए हैं, जिनमें कुल 33 बेड, 6 ए०सी० और 18 कूलर की व्यवस्था है। सिविल सर्जन की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में जिले में लू से ग्रसित मरीजों की संख्या शून्य है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओ०आर०एस० पैकेट और जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिले में पशुओं के पीने के पानी के लिए 21 कैटल ट्रफ (पशु नाद) चिह्नित हैं, जिनमें से 15 क्रियाशील हैं। पशुओं के इलाज के लिए 43 प्रकार की दवाओं का भंडारण किया गया है। विभिन्न प्रखंडों में मोबाइल वेटनरी यूनिट (टश्व) द्वारा 26 अप्रैल से 12 मई के बीच 1876 पशुओं का इलाज किया गया है। विभिन्न आपदाओं (जैसे डूबने या आगजनी) में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। आगजनी से हुई क्षति के लिए अब तक 45 लाभार्थियों को नकद, खाद्यान्न और वस्त्र/बर्तन हेतु सहायता राशि दी गई है। फसल क्षति के मामले में अब तक 170.06 एकड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 46.30 एकड़ की क्षति का भुगतान किया जा चुका है। 9 मई 2026 तक की रिपोर्ट के अनुसार, जिले का औसत भू-जलस्तर 35 फीट 2 इंच दर्ज किया गया है। प्रशासन द्वारा जलस्तर की निगरानी हर माह दो बार की जा रही है। जिला प्रशासन आमजनों से अपील करता है कि दोपहर के समय अनावश्यक बाहर न निकलें और लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी सहायता के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06189-223445 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव जमुई रेलवे स्टेशन पर शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव शुक्रवार से जमुई रेलवे स्टेशन पर शुरू हो गया। लंबे समय से की जा रही मांग पूरी होने पर जिले में खुशी का माहौल देखा गया।बिहार सरकार की खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह और सांसद अरुण भारती ने संयुक्त रूप से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर रेलवे के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव शुरू होने से जमुई सहित आसपास के यात्रियों को पटना और हावड़ा के बीच तेज, आधुनिक और सुविधाजनक रेल सेवा का लाभ मिलेगा। डाउन वंदे भारत का जमुई स्टेशन पर निर्धारित समय सुबह 9:49 बजे आगमन और 9:51 बजे प्रस्थान रखा गया है, जबकि अप ट्रेन रात 8:05 बजे पहुंचेगी और 8:07 बजे रवाना होगी। हालांकि पहले ही दिन ट्रेन करीब 25 मिनट देरी से पहुंची और सुबह 10:15 बजे जमुई स्टेशन पहुंची। मौके पर मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का ठहराव जमुई जिले के विकास की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय,पर्यटन और आम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# उपायुक्त हेमन्त सती ने की बिजली व्यवस्था की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बिजली विभाग, डीवीसी एवं ट्रांसमिशन लाइन से संबंधित समस्याओं को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने ट्रांसमिशन लाइन के सभी लंबित एवं प्रगति पर चल रहे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए उनके निष्पादन में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सदर अनुमंडल पदाधिकारी को संबंधित पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर सहयोग करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डीवीसी द्वारा की जा रही लोड शेडिंग की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिया कि लोड शेडिंग की प्रत्येक स्थिति में एसडीओ के समक्ष एसएलडीसी की



रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने बिजली आपूर्ति को बाधित करने वाले सूखे पेड़ो को हटाने एवं हरे पेड़ों की शीघ्र छंटाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि निजी कंपनियों की अपेक्षा आम जनता को निर्बाध एवं प्राथमिकता के आधार पर बिजली उपलब्ध कराई जाए।

बैठक के दौरान बिजली विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आरडीएसएस योजना के तहत कार्यरत एजेंसियों को एबी केबलिंग रिप्लेसमेंट का कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों एवं टोलों में विद्युतीकरण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने तथा कार्य में शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को सभी चल रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को समय पर मासिक बिजली बिल उपलब्ध कराया जाए तथा बिजली चोरी के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री हेमन्त सती के अलावे उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री सुब्रत बनर्जी, ट्रांसमिशन के महाप्रबंधक श्री आर एल पासवान, ट्रांसमिशन अधीक्षण, डीवीसी के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## भारत का निर्यात अप्रैल में 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अप्रैल में 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल में आयात में पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 71.94 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान व्यापार घाटा 28.38 अरब डॉलर रहा। अग्रवाल ने कहा कि पिछले महीने पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात 28 प्रतिशत घटकर 4.16 अरब डॉलर रहा, जबकि अप्रैल 2025 में यह 5.78 अरब डॉलर था। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया से आयात अप्रैल में 31.64 प्रतिशत घटकर 10.47 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 15.32 अरब डॉलर था।

## मुथूट फाइनेंस का चौथी तिमाही का मुनाफा दोगुने से भी अधिक होकर 3,397 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुथूट फाइनेंस का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 3,397 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 1,444 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,291 करोड़ रुपए हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 5,627 करोड़ रुपए थी। चौथी तिमाही में कंपनी की ब्याज आय भी बढ़कर 9,008 करोड़ रुपए रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 5,465 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ 10,606 करोड़ रुपए रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 5,352 करोड़ रुपए था यानी इसमें 98 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की कुल आय भी बढ़कर 31,263 करोड़ रुपए रही, जो 2024-25 में 20,265 करोड़ रुपए थी।

## रुपए में बड़ी गिरावट, डॉलर के मुकाबले नए लो लेवल पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रुपया 30 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.94 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर चिंताओं से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि तेल की कीमतों में तेजी के बीच डॉलर की खरीदारी जारी रहने के कारण रुपया दबाव में है और यह 96 के निशान के बहुत करीब बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.86 प्रति डॉलर पर खुला। फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.94 तक टूट गया जो पिछले बंद भाव से 30 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.96 के रिकॉर्ड निचले



स्तर तक कमजोर हुआ। हालांकि, अंत में दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.64 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.05 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 239.14 अंक चढ़कर 75,637.86 अंक पर जबकि निफ्टी 78.30 अंक की बढ़त के साथ 23,767.90 अंक पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 107.09 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 187.46 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# विदेशी निवेशकों को लुभाने के लिए विदहोल्डिंग टैक्स खत्म या कम करने पर सरकार कर रही विचार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाने के बाद अब सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कई और कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं। इनमें सरकारी बॉन्ड पर लगने वाले विदहोल्डिंग टैक्स को पूरी तरह खत्म करना या कम करना शामिल है। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हाल ही में लोगों से सोना न खरीदने, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और कार-पूलिंग का उपयोग करने, विदेश यात्रा से बचने की अपील की थी, ताकि विदेशी मुद्रा बचाई जा सके। विदहोल्डिंग टैक्स एक तरह का स्रोत पर कटौती वाला टैक्स है, जो विदेशी निवेशकों को भारतीय बॉन्ड पर मिलने वाले ब्याज पर लगता है। फिलहाल, अनिवासियों को अपने भारतीय सरकारी बॉन्ड पर मिलने वाली ब्याज से कमाई पर करीब 20 प्रतिशत का विदहोल्डिंग टैक्स देना पड़ता है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इससे पहले साल 2023 तक 5 प्रतिशत की रियायती दर थी, जो अब खत्म हो चुकी है।

**सरकार और आरबीआई की चिंता:** सरकार और आरबीआई की चिंता का मुख्य कारण विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से गिरावट और विदेशी निवेशकों की बिकवाली है। पिछले दो महीनों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 38 अरब डॉलर की कमी आई है। वहीं 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय बाजारों से लगभग 22.5 अरब डॉलर निकाल चुके हैं। रुपये



में भी भारी कमजोरी देखने को मिली है। युद्ध शुरू होने के बाद से रुपया डॉलर के मुकाबले करीब 5 प्रतिशत टूट चुका है।

द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक पिछले कुछ हफ्तों से इन प्रस्तावों पर चर्चा चल रही है। नीति निर्माता विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विदेशी खाते को सुरक्षित रखने के लिए ये कदम उठाना चाहते हैं।

**क्या हैं मतभेद:** सूत्रों के मुताबिक, नीति निर्माताओं के बीच इस बात पर मतभेद है कि क्या मौजूदा वैश्विक आर्थिक स्थिति में खासकर अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और बाहरी खतरों के बीच ये कदम वाकई में ज्यादा निवेश ला पाएंगे। एक बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने चर्चा की कि क्या कोई खास विदेशी जमा योजना लानी चाहिए, लेकिन यह प्रस्ताव खारिज कर दिया गया।

अधिकारियों ने सरकारी बॉन्ड पर विदहोल्डिंग टैक्स को पूरी तरह हटाने पर भी विस्तार से चर्चा की है, लेकिन एक जानकार ने बताया कि क्या टैक्स हटाने के बाद वाकई में निवेश बढ़ेगा, इस आशंका के कारण अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। फिलहाल, किफायत (ऑस्टेरिटी) और विदेशी मुद्रा बचत को प्राथमिकता देने पर जोर है। चीन में सरकारी बॉन्ड पर विदेशी निवेशकों के लिए विदहोल्डिंग टैक्स अस्थायी रूप से खत्म है, जबकि मलेशिया सरकारी बॉन्ड को इस टैक्स से पूरी तरह छूट देता है। वियतनाम में यह टैक्स सिर्फ 5 प्रतिशत है।

पूर्व सेबी मेंबर अनंत नारायण ने कहा कि भारत का विदहोल्डिंग टैक्स विदेशी निवेशकों के लिए बहुत फ्रिक्शन पैदा करता है। उनका कहना है, 'मैं यह नहीं कह रहा कि इसे हल करते ही पैसा आ जाएगा, लेकिन यह निश्चित रूप से देश में पैसा आने में एक रुकावट है।

## पीएसयू नेट प्रॉफिट 172 प्रतिशत बढ़ा फिर 8 प्रतिशत गिरा स्टॉक

### निवेशकों को कौन सी बात खटक रही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर रिटर्न देने वाले पीएसयू स्टॉक हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन के शेयरों की कीमतों में 8 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। यह गिरावट ऐसे समय में दर्ज की गई है जब कंपनी का नेट प्रॉफिट बढ़ा है। वहीं, बीते दो दिनों से बाजार की स्थिति भी अच्छी है। अब सवाल है कि आखिर कौन सी बात निवेशकों को खटक रही है। जानकारी में कहा है कि चौथी तिमाही के दौरान कुल 1981 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 728 करोड़ रुपये रहा था। नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर 172 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी के नेट प्रॉफिट में इजाफे की वजह डेफर्ड टैक्स क्रेडिट है। जोकि 1300 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, कंपनी का प्रॉफिट (टैक्स भुगतान से पहले) 39 प्रतिशत की गिरावट के बाद 621 करोड़ रुपये रहा है। ऑपरेशनल रेवन्यू 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3563 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। एक साल पहले इसी क्वार्टर के दौरान कंपनी का रेवन्यू 2845 करोड़ रुपये रहा था। इंटरेस्ट इनकम में साल दर साल के आधार पर 26 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 1.5 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया गया है। बीते 6 महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, एक साल में HUDCO के शेयरों का दाम 6 प्रतिशत गिरा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 8.40 प्रतिशत की गिरावट आई है। दो साल में पीएसयू स्टॉक का दाम 9.48 प्रतिशत गिरा है।

# बिना डॉक्यूमेंट तुरंत लोन मंजूर करने वालों की नजर आपके बच्चों पर है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आपका बच्चा घर से दूर पढ़ रहा है या आपके साथ है, आपकी नजर भले ही उस पर न हो, लेकिन साइबर ठगों की नजर उस पर जरूर होती है। फेक लोन ऐप्स अब सिर्फ पैसे नहीं उड़ाते, बल्कि आपकी पहचान, आपकी तस्वीरें और आपकी इज्जत को भी गिरवी रख लेते हैं। गोरखपुर साइबर थाने में तैनात साइबर कमांडो उपेंद्र सिंह से पहले इन दो केस को समझिए। इसके बाद बताएंगे कैसे होती है फेक लोन ऐप या इंस्टेंट लोन ऐप से ठगी और इससे बचने के उपाय क्या हैं... एक सामान्य परिवार के लड़के को कोचिंग की फीस जमा करनी थी, पैसे नहीं थे। तो उसने सोचा क्यों न थोड़ा सा ऑनलाइन लोन ले लूं बस फिर क्या था एक फेक लोन ऐप डाउनलोड किया, थोड़े पैसे आए, लेकिन जैसे ही लोन का समय आया। वसूली एजेंटों ने ऐसा प्रेशर डाला, गालियां दीं, धमकियां दीं कि वह घबरा गया।

पहला लोन चुकाने के लिए उसने दूसरा लोन लिया, फिर तीसरा... और देखते-देखते उसने 26 अलग-अलग फेक ऐप्स से लोन ले लिया। हर रोज अपमान, हर रोज धमकी, व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज, फोन की गैलरी और कॉन्टैक्ट्स



हैक। वह डिप्रेशन में चला गया। उसने कई बार आत्महत्या की कोशिश की।

गोरखपुर साइबर थाने के साइबर कमांडो उपेंद्र सिंह ने जब यह केस देखा, तो न सिर्फ ठगों के चक्रव्यूह को समझा, बल्कि पीड़ित और उसके परिवार को काउंसलिंग देकर मानसिक मदद भी दी। आज वह लड़का ठीक है, लेकिन हर बार यह चमत्कार नहीं होता। एक नई-नई ब्याही लड़की ने थोड़ा सा इंस्टेंट लोन ले लिया। ऐप ने उसकी गैलरी, कॉन्टैक्ट्स, मैसेजेस, सब कुछ चुरा लिया। जब वह लोन नहीं चुका पाई, तो ठगों ने उसकी असली तस्वीरों को एडिट करके अश्लील बना दिया। फिर वे तस्वीरें उसके पति, ससुराल वालों और रिश्तेदारों को भेज दीं।

पहले उसने 2000 दिए, फिर 5000, फिर 10,000... लेकिन भुगतान कभी बंद नहीं हुआ। मांग हर दिन बढ़ती गई, परेशानी भी। वह शर्म और डर से टूट गई। उसने सोचा, 'अब मेरी इज्जत बचाना नामुमकिन है।' उसने साइबर थाने में कंप्लेन किया तब जाकर मुक्ति मिली। ठग जानते हैं कि इन लोगों के पास न तो बैंकिंग पात्रता है।

### कैसे काम करता है फेक लोन ऐप का गेम

1. लिंक भेजा जाता है, या किसी अजीब वेबसाइट से।
2. एपीके फाइल डाउनलोड करने को कहते हैं (गूगल प्ले स्टोर से नहीं)।
3. ऐप आपके फोन की मंजूरी मांगता है, जैसे कॉन्टैक्ट्स, गैलरी, मैसेजेस, माइक, स्टोरेज।
4. आपको लगता है लोन आ गया, लेकिन हुआ कुछ और है, आपके बैंक खाते में 1000-2000 आ जाते हैं। खेल अब शुरू होता है।

**असली मुसीबत लोन देने के बाद आती है:** अगले ही दिन आपको व्हाट्सएप पर गालियों से भरे कॉल और मैसेज आने लगते हैं। ठग बोलते हैं, 'अभी पैसे दे, नहीं तो तेरी गैलरी की तस्वीरें अश्लील बनाकर सबको भेज दूंगा', 'तेरे पापा, मम्मी, दोस्तों को मैसेज करूंगा', 'सोशल मीडिया पर बदनाम कर दूंगा।'

## टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयरों को खरीदने की होड़, 8 प्रतिशत चढ़ा भाव

### 366.60 रुपये के स्तर पर पहुंच गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयरों में आज शुक्रवार को 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इस उछाल के बाद टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयरों का भाव बीएसई में 366.60 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। बता दें, कंपनी ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। मार्च




तिमाही में नेट प्रॉफिट घटने के बाद भी टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है।

जानकारी में बताया है कि मार्च तिमाही के दौरान 5783 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ है। यह सालाना आधार पर 31.70 प्रतिशत गिर गया है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 8470 करोड़ रुपये रहा था। बताया है कि कंपनी का रेवन्यू (ऑपरेशंस) से सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 105447 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

### एक्सपर्ट्स की क्या राय है

मोतीलाल ओसवाल ने 303 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। ब्रोकरेज फर्म ने स्द्दद्य रेटिंग दी है। जेएम फाइनेंशियल ने रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने 327 रुपये से टारगेट प्राइस को बढ़ाकर 415 रुपये प्रति शेयर कर दिया है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटी ने भी टारगेट प्राइस कोे 400 रुपये से बढ़ाकर 470 रुपये प्रति शेयर कर दिया है। ब्रोकरेज हाउस ने रेटिंग दी है। एक साल पहले टाटा मोटर्स पैसेंजर ह्वीकल्स का रेवन्यू 98377 करोड़ रुपये रहा था। 11212 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। कंपनी का मार्जिन 10.70 प्रतिशत की गिरा है। कंपनी के लक्जरी कार सब्सिडियरी जागुआर लैंड रोवर के रेवन्यू में मार्च तिमाही के दौरान 11.1 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।

# सिल्वर मार्केट में हलचल, 10% गिरते ही रोकनी पड़ी ट्रेडिंग, थाईलैंड से लेकर भारत तक कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में 15 मई 2026 को चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिससे अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में हलचल मच गई। अचानक आई तेज गिरावट और बढ़ी हुई वोलैटिलिटी के चलते थाईलैंड के डेरिवेटिव एक्सचेंज थाईलैंड फ्यूचर्स एक्सचेंज को सिल्वर फ्यूचर्स ट्रेडिंग अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी।

सिल्वर फ्यूचर्स का प्राइस लेटेस्ट सेटलमेंट से 10त्न नीचे चला गया था, जिसके बाद जोखिम नियंत्रण के तहत ट्रेडिंग रोक दी गई और बाद में प्री-ओपन सेशन के बाद बाजार दोबारा शुरू किया गया। एक्सचेंज ने डेली प्राइस लिमिट को भी ह्20त्न तक बढ़ा दिया ताकि अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित किया जा सके।

भारतीय बाजार पर भी दिखा असर इस ग्लोबल दबाव का असर भारतीय बाजार पर भी दिखा, जहां स्ष्टङ्ग पर चांदी की कीमतों में लगभग ?9,000 से ?10,000 प्रति किलो तक की तेज गिरावट दर्ज की गई। कुछ इंट्राडे ट्रेडिंग में कीमतें ?2,81,000




प्रति किलो के आसपास तक फिसल गईं, जिससे निवेशकों में घबराहट देखी गई। विशेषज्ञों का कहना है कि चांदी पर दबाव के पीछे कई कारण हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर, ट्रेजरी यील्ड्स में तेजी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता ने कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा दिया है। ऊंची बॉन्ड यील्ड्स के कारण निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे गोल्ड और सिल्वर जैसी धातुओं की मांग प्रभावित हुई है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी का हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी में 4त्न से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि सोने में भी हल्की कमजोरी देखने को मिली। हालांकि चांदी में गिरावट ज्यादा तेज रही क्योंकि यह न सिर्फ निवेश बल्कि इंडस्ट्रियल डिमांड पर भी निर्भर करती है। चांदी का इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर और ऑटो सेक्टर में बड़े पैमाने पर होता है, ऐसे में आर्थिक ग्रोथ को लेकर चिंता बढ़ने पर इसकी मांग दोहरी मार झेलती है। इसके अलावा फ्यूचर्स मार्केट में स्पेक्युलेटिव ट्रेडिंग की वजह से भी कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

### सौर ऊर्जा अनुबंध पाने के लिए रिश्वत देने की साजिश रची

# गौतम अडानी छह लाख डॉलर, सागर अडानी 1.2 करोड़ डॉलर का भरेंगे जुर्माना, मुकदमे का निपटारा करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी के जुर्माना देने पर राजी होने के



बाद उनसे जुड़े मुकदमे का निपटारा करने पर सहमति जताई है। अदालत के बृहस्पतिवार को जारी दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। मामले के अनुसार अमेरिकी अभियोजकों का आरोप है कि गौतम अडानी और अन्य ने भारतीय अधिकारियों को सौर ऊर्जा अनुबंध पाने के लिए रिश्वत देने की साजिश रची और अमेरिकी निवेशकों से इसे छिपाया।

वर्ष 2024 के अंत में दायर इस मुकदमे में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने गौतम अडानी और ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के प्रमुख तथा उनके भतीजे सागर अडानी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने भारतीय सरकारी अधिकारियों को करोड़ों डॉलर के बराबर राशि देने का वादा किया और उसके एवज में ऊर्जा खरीद अनुबंध हासिल किए। साथ ही, कंपनी ने अमेरिका के निवेशकों से कई अरब डॉलर जुटाए जिन्हें कथित रूप से यह आश्वासन दिया गया था कि कंपनी के पास मजबूत भ्रष्टाचार-रोधी अनुपालन कार्यक्रम है और वरिष्ठ प्रबंधन की ओर से यह वादा किया गया था कि कोई रिश्वतखोरी नहीं होगी। एसईसी ने उस समय कहा था कि ये कार्रवाइयां अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी-रोधी प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं।

अमेरिकी अदालत की ओर से जारी दस्तावेजों के अनुसार, गौतम अडानी ने छह लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना जबकि उनके भतीजे सागर अडानी ने 1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने पर सहमति जतायी है। प्रस्तावित समझौते में किसी भी प्रकार के अपराध की स्वीकारोक्ति शामिल नहीं है। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने उस समय आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया था। बृहस्पतिवार को गौतम तथा सागर के वकीलों को भेजे गए संदेशों का कोई जवाब नहीं मिला।

# इनकम टैक्स रिटर्न भरना हो गया चालू, आयकर विभाग ने आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के यूटिलिटीज किए अपलोड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर रिटर्न दाखिल करते हैं तो यह खबर आपके काम की है। आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 (आकलन वर्ष 2026-27) के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल यूटिलिटीज जारी कर दिया हे। मतलब कि अब करदाता इस वर्ष के लिए अपना आयकर रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। आयकर विभाग ने 15 मई 2026 की सुबह 07:38 बजे एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। आयकर विभाग के ट्वीट में लिखा है- 'करदाता ध्यान दें!

एक्सेल यूटिलिटी और ऑनलाइन फाइलिंग एनेबल कर दी गई है और अब करदाताओं के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है।'

### अब भर सकते हैं अपना आईटीआर

आयकर कानून के जानकार और इनकम टैक्स कंसल्टिंग फर्म रवि राजन के टैक्सेशन पार्टनर सी. कमलेश कुमार ने बताया कि कुछ सप्ताह पहले ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इन फॉर्मों को जारी किया था। इसमें कुछ बदलाव भी किए गए हैं। अब उसकी यूटिलिटी अपलोड कर दी गई है। मतलब कि अब ये फॉर्म लाइव हो गए हैं। अब करदाता अपना रिटर्न भर कर जमा कर सकते हैं। चाहे तो करदाता इन यूटिलिटीज को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की साइट से डाउनलोड भी कर सकते हैं।

**क्या है आईटीआर:** आयकर रिटर्न एक फॉर्म है जिसके माध्यम से करदाता अपनी आय, कटौतियों और कर देयता को आयकर विभाग के सामने




उजागर करते हैं। इसे हर वित्तीय वर्ष की 31 जुलाई तक दाखिल करना अनिवार्य है। वर्तमान में सात अलग-अलग आइटीआर फॉर्म्स हैं और लागू फॉर्म करदाता की श्रेणी, आय की प्रकृति और आय के स्तर के आधार पर भिन्न होता है। इस समय आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के यूटिलिटीज लाइव हुए हैं।

### किनके लिए हैं ये फॉर्म

आईटीआर-1 फॉर्म को सरल या सहज भी कहते हैं। यह फॉर्म वेतनभोगियों के लिए होता है। आईटीआर-4 फॉर्म छोटे कारोबारी या फिर प्रोफेशनल के लिए होता है।

# जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद, खूंटी की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटकों हेतु आवश्यक सुविधाओं के विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया।




बैठक के दौरान जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक बेहतर पहुँच पथ, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। साथ ही पर्यटन स्थलों के समुचित प्रचार-प्रसार एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पर्यटन को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य करने को कहा गया। इस दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने कई आवश्यक सुझाव एवं प्रस्ताव भी दिए। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटन स्थलों पर आगंतुकों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं तथा पर्यटन क्षेत्र के विकास हेतु विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना प्राथमिकता है।

बैठक में सांसद एवं विधायक के प्रतिनिधि, जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला खेल पदाधिकारी-सह-जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बेटे के मौत की खबर सुन पिता की मृत्यु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सोनाहातू।** राहे थाना क्षेत्र के सीसीटांड़ गांव में ट्रांसफार्मर पर बांस की झूलती टहनियां के संपर्क में आने से 54 वर्षीय गुलेश्वर भोक्ता की मौत हो गई। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि बाड़ी में स्थित ट्रांसफार्मर पर बांस की टहनियां के संपर्क में आने से गुलेश्वर भोक्ता बेहोश हो गया था, तत्काल उसे सिंगपुर नर्सिंग होम मूरी ले जाया गया। इलाज के दौरान गुरुवार शाम को गुलेश्वर की मौत हो गई। गुरुवार रात शव को गांव लाया गया तो बेटा की मौत की सूचना पर सदमे में हृदयगति रुकने से पिता 74 वर्षीय खेदु भोक्ता का भी मृत्यु हो गई। परिवार में दो मौत होने से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक गुलेश्वर भोक्ता का दो पत्नी और दो बेटी है। शुक्रवार सुबह राहे थाना पुलिस की जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। घटना की सूचना पर जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया प्रतिनिधि संतोष मुंडा, ललित मुंडा, आजसू नेता मनोरंजन भोक्ता आदि लोग गांव में पहुंचकर स्वजनों से मुलाकात किए। बिजली विभाग से बात कर मुआवजा देने की मांग की गई।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को लेकर सभी ईआरओ एवं एईआरओ के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के विवरण के आधार पर वर्ष 2026 की मतदाता सूची के लिये किये जा रहे मैपिंग कार्य की जानकारी ली।उन्होंने मतदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में चिन्हित करने,एएसडीडी मतदाताओं की सूची तैयार करने तथा पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने की प्रक्रिया की समीक्षा की।बैठक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण,हाउस/नोटेशनल हाउस नंबरिंग कार्य,बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर स्टिकर लगाने की प्रगति तथा कार्य पूर्णता प्रतिशत की भी समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने एवं मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का निर्देश दिया।इसके अलावा बैठक में डेमोग्राफिकली सिमिलर एंट्रीज के सत्यापन एवं निष्पादन की प्रगति पर भी चर्चा की गयी।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी ईआरओ एवं एईआरओ को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके।




# जिला परिवहन कार्यालय से शराब की बोतलें बरामद

## सैकड़ों खाली बोतलों के अलावे सात भरी बोतलें बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** गुरुवार की दोपहर जिला परिवहन कार्यालय में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब अचानक ही नगर थाने की पुलिस के साथ उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने परिवहन कार्यालय में छापेमारी शुरू कर दी।

एक-एक कमरे और आलमीरा की तलाशी के बीच कार्यालय के निचले तल में बने कमरे से शराब की सैकड़ों खाली के अलावा सात भरी हुई बोतलें बरामद की गई। हालांकि, इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी किए जाने की सूचना नही है। परिवहन कार्यालय से शराब बरामद होने की पुष्टि करते हुए सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय ने बताया कि गुरुवार को दिन के दो बजे के करीब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जिला परिवहन कार्यालय में काफी संख्या में शराब की बोतलें मौजूद हैं।

सूचना के आलोक में तत्काल पुलिस टीम को लेकर खुद छापेमारी के लिए पहुंच गए और परिवहन कार्यालय को घेरे में लेते हुए कमरों और अलमारियों की तलाशी शुरू कर दी गई।

इस क्रम में परिवहन भवन के निचले तल में बने गार्ड रूम से सटे किचन के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे कमरे की तलाशी लेने पर सैकड़ों की संख्या में विभिन्न ब्रांड की शराब की खाली बोतलें और टेट्रा पैक के खाली पाउच के साथ 330 एमएल की सात भरी हुई बोतलें बरामद की गई। बरामद शराब की बोतलें आलमीरा के अगल बगल और उसके अंदर से बरामद की गई हैं।

इधर बुधवार से ही इंटरनेट मीडिया पर परिवहन विभाग का एक ऑडियो प्रसारित किए जाने की बात बताई जा रही है, जिसमें परिवहन विभाग के एक सिपाही पर 15 हजार रुपये लेकर कोयला लदे ट्रक को छोड़ने की बात कही जा रही है। उधर कथित रूप से इस घटना का आडियो प्रसारित करने का आरोप परिवहन कार्यालय में कार्यरत एक होमगार्ड जवान पर लगाया जा रहा है, जिससे विभाग द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात का भी उल्लेख किया गया है।

वहीं, गुरुवार को परिवहन कार्यालय से शराब बरामद होने के बाद दोनों घटनाओं की कड़ी एकसाथ जोड़ते हुए चर्चा इस बात की पुरजोर है कि ट्रक वाली घटना से खार खाए होमगार्ड के जवान ने ही पुलिस को कार्यालय में शराब होने की सूचना दी, जिसके बाद छापेमारी करते हुए पुलिस ने शराब बरामद किया।

# अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह का पुलिस ने किया पदार्फाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मिहिजाम।** मिहिजाम पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है।

थाना प्रभारी प्रदीप राणा के नेतृत्व में देर रात रेलपार हटिया क्षेत्र में की गई छापेमारी में पुलिस ने विदेशी शराब और बियर की खेप के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर शरीर पर विशेष रूप से तैयार की गई जैकेट पहनकर शराब को ट्रेन के रास्ते बिहार के लखीसराय भेजने की तैयारी में थे।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर एक संदिग्ध आटो को रोका। तलाशी के दौरान पुलिसकर्मी उस समय हैरान रह गए, जब आरोपियों के शरीर पर कपड़ों के अंदर विशेष डिजाइन की बाडी जैकेट मिली। इन जैकेटों में कई गुप्त पाकेट बनाए गए थे, जिनमें आफिसर च्वाइस निब टेट्रा पैक बेहद चालाकी से छिपाए गए थे। बाहर से देखने पर किसी को भी इस बात का अंदेशा नहीं हो सकता था कि शरीर से चिपकी जैकेट के भीतर शराब की खेप छिपी हुई है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो पेटी आफिसर च्वाइस विदेशी शराब, दो पेटी बियर, तस्करी में प्रयुक्त एक आटो तथा शराब छिपाने के लिए इस्तेमाल की जा रही पांच स्पेशल बाडी जैकेट बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के लखीसराय निवासी गोबिंद कुमार, संजय मालाकार, राहुल कुमार (25 वर्ष) समेत अन्य युवक शामिल हैं। वहीं मिहिजाम निवासी विक्की साव और मिथिलेश साव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कुल पांच आरोपियों को पकड़ा गया है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह लंबे समय से ट्रेन मार्ग के जरिए बिहार में शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि विशेष जैकेट किसने तैयार की और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब, आटो और विशेष जैकेट को जब्त कर लिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

शराब तस्करों का यह नया तरीका इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। शरीर पर पहनी गई सीक्रेट जैकेट में शराब छिपाकर ट्रेन के जरिए दूसरे राज्य भेजने की योजना इतनी शातिर थी कि पहली नजर में किसी को शक तक नहीं हो सकता था। हालांकि मिहिजाम पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने पूरे नेटवर्क की पोल खोल दी।

# सीमेंट कंपनी बंद होने से 1500 श्रमिकों के घरों के चुल्हे हुए ठंडे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी स्थित अडानी सीमेंट प्लांट में उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है। कंपनी प्रबंधन द्वारा उत्पादन इकाई के साथ-साथ पावर प्लांट को भी बंद कर दिए जाने से स्थायी कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों के बीच अनिश्चितता और छटनी की आशंका गहरा गई है।

अडानी समूह ने एसीसी को सितंबर 2022 में अधिग्रहण किया था। कंपनी सूत्रों के अनुसार झींकपानी स्थित एसीसी सीमेंट प्लांट की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन लगभग 2500 टन है। स्थानीय चूना पत्थर खदान बंद होने के बाद कंपनी बरगढ़ और सिंदरी प्लांट से क्लिंकर मंगाकर यहां सीमेंट उत्पादन कर रही थी।

दोनों प्लांट से नियमित क्लिंकर आपूर्ति होने के कारण उत्पादन सामान्य रूप से संचालित हो रहा था, लेकिन 31 मार्च के बाद क्लिंकर की आपूर्ति पूरी तरह रोक दी गई। इसके बाद एक अप्रैल से सीमेंट उत्पादन बंद कर दिया गया, जबकि तीन मई से पूरे प्लांट और पावर यूनिट का संचालन भी ठप कर दिया गया।

उत्पादन बंद होने के बाद कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच नौकरी को लेकर चिंता बढ़ गई है। वर्तमान में कंपनी में करीब 70 स्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें लगभग 30 प्रबंधकीय स्तर के कर्मचारी और 40 एसएफए श्रेणी के कर्मी शामिल हैं।

इसके अलावा प्लांट में कार्यरत छह ठेका कंपनियों के माध्यम से लगभग 1500 ठेका श्रमिक विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे हैं। इनमें जमुना कुमारी, पियूष कंस्ट्रक्शन, सिंह एंड सन्स, राजा इंटरप्राइजेज और सिंह इंटरप्राइजेज जैसी एजेंसियां प्रमुख हैं।

कंपनी प्रबंधन की ओर से अभी तक प्लांट बंदी या कर्मचारियों की स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। हालांकि उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाने और प्लांट संचालन रुकने से ठेका श्रमिकों में सबसे अधिक असमंजस की स्थिति है। श्रमिकों का कहना है कि यदि लंबे समय तक उत्पादन बंद रहा तो उनके सामने रोजगार और आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

औद्योगिक क्षेत्र में इस घटनाक्रम को लेकर चचाओं का दौर तेज है। स्थानीय लोगों का मानना है कि झींकपानी जैसे औद्योगिक क्षेत्र में इतने बड़े उत्पादन केंद्र का बंद होना क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था, परिवहन, छोटे कारोबार और श्रमिक परिवारों पर व्यापक असर डाल सकता है। अब सबकी नजर कंपनी प्रबंधन के अगले निर्णय और उत्पादन दोबारा शुरू होने की संभावनाओं पर टिकी हुई है।

# मिशन मोड में चलेगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** प्रखंड में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान को एक बार फिर मिशन मोड में चलाया जाएगा।

अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड कृषि विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। किसानों को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड कृषि पदाधिकारी गोविन्द कुमार ने कृषि कार्यालय परिसर से सभी 19 पंचायतों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एग्री स्टैक परियोजना के तहत 12 मई से 30 जून 2026 तक प्रखंड में फार्मर रजिस्ट्री अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान अधिक से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाएगी, ताकि उन्हें सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

उन्होंने कहा कि सभी कृषि समन्वयक, सलाहकार एवं संबंधित कर्मी परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें। किसी भी पात्र किसान को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

राज्य एवं जिला स्तर से अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है तथा तकनीकी या प्रक्रियागत समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था भी की गई है। बीएओ ने बताया कि फार्मर आईडी निर्माण के लिए पहले किसानों का ई-केवाईसी किया जाता है, जिसके बाद राजस्व विभाग द्वारा जमाबंदी प्रविष्टि की प्रक्रिया पूरी की जाती है। सरकार ने अब सॉफ्टवेयर में बदलाव कर किसानों को स्वयं पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध करा दी है। किसान कॉमन सर्विस सेंटर या ऑनलाइन माध्यम से भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपना पंजीकरण करा लें, ताकि भविष्य में कृषि योजनाओं, अनुदान एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अनुपालन को लेकर टाउन हॉल में बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर के टाउन हॉल में शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 के सख्त एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्विट हॉल, लॉज, विवाह भवन संचालक एवं बल्क वेस्ट जनरेटर प्रबंधक उपस्थित रहे।बैठक में उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पूरे जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2026 का प्रभावी और सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने कहा कि कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण अब अनिवार्य है। प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान, होटल एवं संस्थान को गीला, सूखा, सैनिटरी एवं घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करना होगा। उन्होंने कहा कि इससे न केवल शहर स्वच्छ बनेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य को भी मजबूती मिलेगी।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जिले में चिन्हित बल्क वेस्ट जनरेटरों की संख्या, उनके पंजीकरण, ऑन-साइट प्रोसेसिंग एवं अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिया कि बड़े प्रतिष्ठानों में कंपोस्टिंग एवं बायोमिथेनेशन जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाए। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 को चरणबद्ध तरीके से प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, डिजिटल मॉनिटरिंग एवं रियल टाइम ट्रैकिंग व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था पारदर्शी एवं जवाबदेह बन सके।नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कचरे का पृथक्करण नहीं करने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने अथवा बिना पंजीकरण संचालन करने वालों पर पर्यावरणीय प्रतिकर एवं जुमार्ना लगाया जाएगा।बैठक में बल्क वेस्ट जनरेटरों को बताया गया कि यदि किसी संस्थान का क्षेत्रफल 20 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक है, प्रतिदिन 40 हजार लीटर से अधिक पानी की खपत होती है अथवा 100 किलोग्राम से अधिक ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है, तो उन्हें विशेष नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। ऐसे संस्थानों को नगर निगम पोर्टल पर पंजीकरण, ऑन-साइट वेस्ट प्रोसेसिंग एवं वार्षिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित करनी होगी।बैठक में मौजूद पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालकों को पीपीटी के माध्यम से चार-धारा कचरा पृथक्करण प्रणाली, घर-घर संग्रहण, ई-वेस्ट प्रबंधन, सैनिटरी वेस्ट निपटान एवं डिजिटल निगरानी प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी नागरिकों, संस्थानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से स्वच्छ मेदिनीनगर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर और स्वस्थ नागरिक हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी से ही मेदिनीनगर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर बनाया जा सकता है।

# जनगणना का डोर-टू-डोर सर्वे आज से

## प्रगणक पूछेंगे 33 प्रकार की जानकारियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जनगणना 2027 के तहत पलामू जिले में स्व-गणना की प्रक्रिया 15 मई को समाप्त हो जाएगी। जिले में साढ़े पांच हजार से अधिक लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से स्व-गणना में भाग लिया। अब 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक जिलेभर में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।इस दौरान प्रारंभिक पांच दिनों तक प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र का मैप लेआउट तैयार करेंगे, भवनों का भौतिक सत्यापन करेंगे तथा हाउस नंबरिंग का कार्य करेंगे। इसके बाद प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज करेंगे।सर्वे के दौरान आम लोगों से कुल 33 प्रकार की जानकारियां ली जाएंगी। इनमें भवन नंबर, जनगणना भवन संख्या, मकान के फर्श, दीवार और छत में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग, मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम एवं लिंग, अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित जानकारी, परिवार स्वामित्व की स्थिति, उपलब्ध कमरों की संख्या, विवाहित दंपत्तियों की संख्या, पेयजल का स्रोत एवं उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्रोत, शौचालय की उपलब्धता एवं प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नानघर की उपलब्धता, रसोईघर तथा एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की स्थिति, खाना पकाने में उपयोग होने वाला मुख्य ईंधन, रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप/कंप्यूटर, मोबाइल फोन/स्मार्ट फोन, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप, वैन, परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य अनाज एवं मोबाइल नंबर जैसी जानकारियां शामिल हैं।जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने एचएलबी क्षेत्र की सीमा, सड़कों, भवनों एवं प्रमुख स्थलों का सत्यापन करेंगे तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि, छूट या दोहराव नहीं होने देंगे। सुपरवाइजर एवं चार्ज ऑफिसर लगातार इस कार्य की निगरानी करेंगे।



जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिससे विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार होती है। उन्होंने आम लोगों से सर्वे टीम को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक और पारदर्शी तरीके से पूरा हो सके।उपायुक्त श्री शेखावत ने यह भी स्पष्ट किया कि डोर-टू-डोर सर्वे के दौरान किसी भी व्यक्ति से बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी,आधार कार्ड या पैन कार्ड से संबंधित जानकारी नहीं मांगी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति ऐसी जानकारी मांगता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## जनता दरबार का आयोजन

**अररिया।** सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत संचालित सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की गई। कुल 57 मामलों पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग, गृह विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग तथा शिक्षा विभाग से संबंधित मामले भी सामने आए।

जनता दरबार में रानीगंज प्रखंड के बसैती पंचायत निवासी अजहर अंसारी ने बासगीत पर्चा वाली भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया।

# कार के गुप्त तहखाने से गांजे की बड़ी खेप बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** सराय थाना पुलिस ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर पटेढा टोल प्लाजा के निकट वाहन जांच के दौरान लग्जरी कार से 60 किलो गांजा के साथ दो अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों सहित पांच नामजद व कार मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान राजन कुमार, पिता वीरेंद्र पूर्वे, निवासी परसा कला, थाना भुतही, सीतामढ़ी एवं पप्पू कुमार, पिता सूरज पूर्वे, निवासी भलुआहा, थाना सोनबरसा, सीतामढ़ी के रूप में हुई है।

सदर-2 एसडीपीओ गोपाल मंडल ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सराय थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर लग्जरी कार से गांजा लेकर आ रहे हैं। वरीय अधिकारियों को सूचना देकर टोल प्लाजा के निकट मुजफ्फरपुर की ओर से आने वाली गाड़ियों की जांच शुरू की गई।

इसी दौरान मुजफ्फरपुर की तरफ से आ रही एक लग्जरी कार को रोकने का इशारा किया गया तो सवार दोनों भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल ने दोनों को पकड़ लिया।

कार की तलाशी लेने पर तहखाने में बने 12 बंडल में करीब 60 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि वे गांजा सीतामढ़ी स्थित नेपाल-भारत बॉर्डर से भुतही थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी शंकर महतो से खरीदकर लाते हैं।

गांजा बिदुपुर थाना क्षेत्र के लाल बाबू राय एवं काजीपुर थाना क्षेत्र के अफजलपुर धोवघट्टी निवासी अखिलेश कुमार, पिता महेश पासवान को देने जा रहे थे।

तस्करों ने बताया कि वे पांचों एक गिरोह बनाकर मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करते हैं। सबका कार्यक्षेत्र बंटा हुआ है। शंकर महतो का काम नेपाल से गांजा खरीदकर भारत-नेपाल बॉर्डर पर लाना है।

राजन और पप्पू का काम गांजा का परिवहन कर लालबाबू राय व अखिलेश कुमार तक पहुंचाना है। लालबाबू राय और अखिलेश कुमार गांजा को अपने गोपनीय ग्राहकों को बेचते हैं।

आरोपियों ने कबूला कि वे कई बार इसी लग्जरी कार से गांजा लाकर अखिलेश व लालबाबू को दे चुके हैं, लेकिन आज तक पकड़े नहीं गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों तस्करों के अलावा शंकर महतो, लालबाबू राय, अखिलेश कुमार व कार मालिक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए फ्रांस की टीम घोषित

### एमबाप्पे कप्तानी करेंगे, फॉरवर्ड लाइन में डेम्बेले और डौए जैसे नाम

**पेरिस(एजेंसी)।** साल 2022 की फाइनलिस्ट फ्रांस ने 11 जून से शुरू हो रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। पिछले फाइनल में 3 गोल दागने वाले किलियन एम्बाप्पे को इस टीम की कप्तानी सौंपी गई है।

कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने दमदार फॉरवर्ड लाइन तैयार किया है। इसमें एमबाप्पे के अलावा, बैलोन डीओर विजेता ओस्मान डेम्बेले और युवा स्टार डेसिरे डौए जैसे



नाम है। 2018 की चैंपियन और 2022 की उपविजेता फ्रांस इस बार तीसरा वर्ल्ड कप जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।2022 में फाइनल हराने के बाद एम्बाप्पे निराश होकर मैदान पर बैठ गए। फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों उन्हें समझाने पहुंचे थे।

फारवर्ड लाइन में अनुभव और युवाओं का मिश्रण फ्रांस का फॉरवर्ड लाइनअप इस समय दुनिया में सबसे मजबूत नजर आ रहा है। टीम में सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के साथ बैलोन डी ओर विजेता ओस्मान डेम्बेले, उभरते हुए सितारे डेसिरे डौए, माइकल ओलिसे, रेयान चेर्की, ब्रैडली बारकोला और मैग्नेस अक्लिओचे शामिल हैं। यह आक्रमण पंक्ति किसी भी विरोधी रक्षापंक्ति को ध्वस्त करने का माद्दा रखती है। रियल मैड्रिड के स्टार मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा का नाम सूची से गायब होना सबसे बड़ा सरप्राइज है।

### रिसर को घरेलू प्रदर्शन का इनाम

घरेलू लीग (लेंस) के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा गोलकीपर रॉबिन रिसर को पहली बार विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। रिसर ने इस सप्ताह की शुरुआत में ही सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता था। उन्हें मुख्य गोलकीपर माइक मैगनन और ब्राइस सांबा के बाद तीसरे गोलकीपर के विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। टीम में चुने जाने पर रिसर ने भावुक होकर कहा, 'यह मेरा एक सपना था, यह अविश्वसनीय है और मेरे पास शब्द नहीं हैं।'

## आईपीएल की व्यूअरशिप का रिकॉर्ड टूटा

- टीवी की व्यूअरशिप 50 करोड़ के करीब



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आईपीएल का वॉच-टाइम 7 प्रतिशत बढ़ा है। जबकि, टीवी पर व्यूअरशिप 500 मिलियन (50 करोड़) के करीब पहुंच गई है। भारतीय लीग के ब्रॉडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को टीवी के 51 और डिजिटल के 57 मैचों के आंकड़े जारी किए। इनमें आईपीएल की डिजिटल ओवरऑल रीच में 15त्न की ग्रोथ दर्ज की गई है। आईपीएल का 57वां मैच कोलकाता-बेंगलुरु के बीच 13 मैच को रायपुर में खेला गया। इस मैच में कोहली ने शतक लगाया।

**कनेक्टेड डिवाइसेज पर 25 प्रतिशत व्यूअर्स बढ़े-** स्मार्ट टीवी और कनेक्टेड डिवाइसेज (इंटरनेट से जुड़े उपकरण) की रीच में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 'वाच टाइम' (देखने का समय) 20 प्रतिशत प्रतिशत बढ़ गया है। इस बार रीजनल लैंग्वेज में मैच देखने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। रीजनल लैंग्वेज वॉच-टाइम में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

आईपीएल का गणित

# मुंबई ने पंजाब का खेल बिगाड़ा

- प्लेऑफ के लिए दोनों मैच जीतने होंगे; चेन्नई के लिए हर मुकाबला करो या मरो जैसा

**धर्मशाला (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में 58 मैच पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ की रेस रोमांचक बना दी। हार के बाद पंजाब चौथे स्थान पर है। टीम के 12 मैचों में 13 पॉइंट्स हैं और प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे बचे दोनों मैच जीतने होंगे। दूसरी ओर मुंबई पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन उसने पंजाब का समीकरण बिगाड़ दिया। मुंबई के 12 मैचों में 8 पॉइंट्स हैं और टीम नौवें स्थान पर है। इकाना स्टेडियम में आज चेन्नई सुपर किंग्स के लिए जीत जरूरी है। टीम का सामना टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी लखनऊ से होगा।

### पंजाब लगातार 5वां मैच हारी

पंजाब किंग्स लगातार पांचवीं हार के बाद मुश्किल में पड़ गई है। टीम ने सीजन की शुरुआत 6 जीत से की थी। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए उसे अब दोनों मुकाबले जीतने होंगे। पंजाब के अगले मैच बेंगलुरु और लखनऊ से हैं। मुंबई इंडियंस ने सीजन की चौथी जीत दर्ज की। टीम के अगले मुकाबले कोलकाता और राजस्थान से हैं।

- **चेन्नई के लिए हर मैच अहम-** चेन्नई सुपर किंग्स आज लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी। टीम लगातार 3 मैच जीतकर पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। चेन्नई के 11 मैचों में 12 पॉइंट्स हैं। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए सीएसके को अपने तीनों मैच जीतने होंगे। टीम के मुकाबले लखनऊ, हैदराबाद और गुजरात से हैं। अगला मैच हारने पर उसकी राह मुश्किल हो जाएगी।
- **हैदराबाद तीसरे स्थान पर पहुंची-** पंजाब की हार का फायदा सनराइजर्स हैदराबाद को मिला है। टीम 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रनरेट +0.331 है। हैदराबाद को अब चेन्नई और बेंगलुरु से खेलना है। प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की करने के लिए टीम को कम से कम एक जीत चाहिए।
- **बेंगलुरु-गुजरात मजबूत स्थिति में-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस 16-16 पॉइंट्स के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं। दोनों टीमों का प्लेऑफ खेलना लगभग तय माना जा रहा है। टीमों को अब एक-एक जीत की जरूरत है। आरसीबी का नेट रनरेट (+1.053) लीग में सबसे बेहतर है। बेंगलुरु के मुकाबले पंजाब और हैदराबाद से हैं, जबकि गुजरात को कोलकाता और चेन्नई से खेलना है।
- **राजस्थान अब भी रेस में-** राजस्थान रॉयल्स 12 पॉइंट्स के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हालांकि टीम पिछले 7 में से 5 मुकाबले हार चुकी है। राजस्थान को अब दिल्ली, लखनऊ और मुंबई से खेलना है। टॉप-4 में पहुंचने के लिए उसे तीनों मैच जीतने होंगे।



### पंजाब लगातार 5वां मैच हारी, मुंबई 6 विकेट से जीती

#### तिलक ने नाबाद 75 रन

मुंबई इंडियंस ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। आखिरी ओवर में टीम को 15 रन चाहिए थे, जिसे उसने 1 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। जीत के हीरो तिलक वर्मा रहे, जिन्होंने 33 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए। पंजाब की यह लगातार 5वीं हार रही।गुरुवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

## मुंबई के कोच पोलार्ड की 15 प्रतिशत मैच फीस काटी

- एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, फोर्थ अंपायर को अपशब्द कहे थे

**धर्मशाला (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन का दोषी पाया गया। मैच रेफरी ने उन पर मैच फीस का 15त्न जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा। 39 साल के दिग्गज बल्लेबाज ने गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच में फोर्थ अंपायर से बहस की। उन पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल करने के आरोप लगे थे। इस मैच को मुंबई ने 6 विकेट से जीता।तिलक वर्मा ने मुंबई की ओर से 33 गेंदों में नाबाद 75 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।



**फोर्थ अंपायर से मैच के दौरान बहस की-** मुंबई इंडियंस की पारी के 19वें ओवर में चौथे अंपायर से बहस के दौरान पोलार्ड ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया। मैच रेफरी पंकज धरमानी ने इसे आईपीएल आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन माना। पोलार्ड पर कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 के तहत आरोप लगाए गए, जो मैच के दौरान अभद्र भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है। मैच के बाद सुनवाई में पोलार्ड ने गलती स्वीकार कर ली। उन्होंने मैच जुर्माना और प्रतिबंध मंजूर कर लिया। लेवल 1 का अपराध स्वीकार करने के बाद आईपीएल नियमों के मुताबिक अब औपचारिक सुनवाई नहीं होगी। पोलार्ड के खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जुड़ गया। आईपीएल नियमों के अनुसार तय समय सीमा में 4 या उससे अधिक डिमेरिट पॉइंट होने पर खिलाड़ी या कोच पर एक या अधिक मैचों का सस्पेंशन लगाया जा सकता है। यह पोलार्ड के लिए चेतावनी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

बॉक्सर साक्षी चौधरी को कॉमनवेल्थ और

## एशियन गेम्स का टिकट

- सिलेक्शन ट्रायल के फाइनल में मीनाक्षी को हराया, निखत जरीन को भी मात दी

**पटियाला (एजेंसी)।** हरियाणा की मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स का टिकट हासिल कर लिया है। उन्होंने शुक्रवार को पटियाला में चल रहे सिलेक्शन ट्रायल्स के फाइनल में वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्?डा को 5-0 से हराया।

सर्विसेस से खेल रही साक्षी ने 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट निखत जरीन को 51 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में 4-1 से हराया था। वहीं, 48 किग्रा वर्ग की मीनाक्षी ने नीतू घंघास को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। 2026 के कॉमनवेल्थ गेम्स जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में होंगे। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियन गेम्स का आयोजन होगा।

**प्रीति पवार सहित 4 महिला बॉक्सर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई-** महिला वर्ग में प्रीत पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच ने भी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए जगह पक्की कर ली है। बाकी चार वेट कैटेगरी - 55 किग्रा, 65 किग्रा, 70 किग्रा और +90 किग्रा के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं।

### जीतने वाले मुक्केबाज चेकिया में कैंप में जाएंगे

जीतने वाले मुक्केबाज कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी के लिए चेकिया में लगने वाले एक्सपोजर कैंप में जाएंगे। वहीं, दूसरे स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज जून में चीन में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगे। बॉक्सिंग वर्ल्ड कप सीरीज-2 का आयोजन 15 से 20 जून तक चीन में किया जाएगा।



**ट्रेडिशनल ट्रायल सिस्टम लौटा, प्लेयर्स की दो राय-** बीएफआई ने एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले बॉक्सर्स को कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए सीधे क्वालिफाई माना था। जिन वेट कैटेगरी के बॉक्सर फाइनल में नहीं पहुंचे थे, उनका चयन प्रदर्शन के अंकों के आधार पर होना था। हालांकि, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने इन वेट कैटेगरी के लिए ओपन ट्रायल्स से सीडब्ल्यूजी और वर्ल्ड कप खिलाड़ियों के चयन के निर्देश दिए।

#### प्रमुख नतीजे

- 3 बार के वर्ल्ड कप मेडलिस्ट हितेश गुलिया को 70 किग्रा वर्ग में सुमित के हाथों हार झेलनी पड़ी।
- एशियाड की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट परवीन हुड्डा ने अंकुशिता बोरो को हराया अपनी दावेदारी मजबूत की।
- अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी को 80 किग्रा वर्ग में नैना ने मात दी।
- 65 किग्रा वर्ग में ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन ने पूजा को 7-0 से हराया।

## रवि शास्त्री ने सैमसन को कप्तान बनाने की पैरवी की

- कहा- संजू 2028 टी-20 वर्ल्डकप के लिए कैप्टेंसी के विकल्प हो सकते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन को भविष्य में भारत की टी-20 टीम का कप्तान बनाने की पैरवी की है। उनका मानना है कि सैमसन कप्तानी के मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं। शास्त्री के अनुसार हाल के दिनों में सैमसन ने जिस तरह की मैच्योरिटी दिखाई है, वह उन्हें लीडरशिप रोल के लिए परफेक्ट बनाती है।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में अपनी कप्तानी में भारत को वर्ल्ड कप जिताया था, लेकिन 2028 के टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए संजू बड़ा विकल्प हो सकते हैं। फिलहाल, सूर्यकुमार यादव भारतीय टी-20 टीम के कप्तान हैं। उन्होंने 8 मार्च 2026 को अहमदाबाद में भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया था।



### दबाव में निखर रहे हैं संजू

31 साल के सैमसन ने इस वर्ल्ड कप अभियान में लगातार तीन अर्धशतक जड़े थे। शास्त्री ने कहा- अगले दो-तीन सालों में आप संजू का एक अलग ही रूप देखेंगे। जिस तरह की मैच्योरिटी उन्होंने आईपीएल और इंटरनेशनल लेवल पर दिखाई है, उससे वह कप्तानी के लिए मेरी नजर में स्पष्ट उम्मीदवार हैं। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 5 मैचों में 321 रन बनाए थे।

### क्यों संजू हैं पहली पसंद?

- **कप्तानी का अनुभव-** संजू पिछले पांच सीजन से आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे हैं। वह 2022 में टीम को फाइनल तक ले जा चुके हैं।
- **वर्ल्ड कप में प्रदर्शन-** सैमसन को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। उन्होंने क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल में भारत को जीत के करीब पहुँचाया।
- **कंसिस्टेंट परफॉर्मेंस-** शास्त्री ने कहा- संजू की काबिलियत पर कभी शक नहीं था, लेकिन अब उन्होंने अपनी कंसिस्टेंसी से सभी सवालों पर विराम लगा दिया है। अब वे टॉप ऑर्डर में स्थायी जगह बना चुके हैं।





## वनडे ट्राई सीरीज के लिए वैभव सूर्यवंशी इंडिया-ए में चुने गए

- आईपीएल में अब तक 2 सेंचुरी लगा चुके, -19 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 15 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी वनडे ट्राई सीरीज के लिए इंडिया-ए में चुने गए हैं। टीम का ऐलान गुरुवार को किया गया। कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे।इससे पहले वे एशिया कप राइजिंग स्टार्स और अंडर-19 वर्ल्डकप में इंडिया की ओर से खेल चुके हैं। इसी साल जनवरी में हुए अंडर-19 वर्ल्डकप फाइनल में उन्होंने 175 रन की पारी खेली थी। वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। वैभव श्रीलंका में जून में होने वाली वनडे ट्राई-सीरीज खेलेंगे। इंडिया और श्रीलंका के अलावा इस सीरीज में अफगानिस्तान की ए टीम भी खेलेगी। वैभव आईपीएल में अब तक दो शतक लगा चुके हैं। उन्होंने 2025 में गुजरात के खिलाफ 36 और इस सीजन में हैदराबाद के खिलाफ 37 बॉल में सेंचुरी लगाई हैं।

### वैभव ने आईपीएल में 440 रन बनाए, एक सेंचुरी भी शामिल

वैभव आईपीएल में अपना दूसरा सीजन खेल रहे हैं। 2026 सीजन में उन्होंने 11 मैचों में 237 के स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं। उन्होंने जयपुर में हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया। इस पारी में उन्होंने 12 सिक्स और 5 चौके लगाए।

**12 साल में रणजी डेब्यू से इंडिया-ए तक का सफर-** वैभव ने जनवरी 2024 में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया। तब उनकी उम्र 12 साल थी। 2024 में मुंबई और छत्तीसगढ़ के खिलाफ उन्होंने दो फर्स्ट क्लास मैचों में 31 रन बनाए थे।

वैभव ने सचिन तेंदुलकर (15 साल) और युवराज सिंह (18 साल) को पीछे छोड़ा और घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने 13 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर-19 यूथ टेस्ट सीरीज में सिर्फ 58 गेंदों पर शतक जड़ दिया। यह अंडर-19 टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने 62 गेंदों में 104 रन की पारी खेली, जिसमें 14 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। वैभव ने लिस्ट-ए (50 ओवर) में अब तक 8 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 44.12 की औसत और 164.95 के स्ट्राइक रेट से 353 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर 190 रन रहा है। सूर्यवंशी ने इस फॉर्मेट में 1 शतक और 1 अर्धशतक लगाया है। उन्होंने 37 चौके और 23 छक्के भी जड़े हैं। आईपीएल 2025 में वैभव ने सिर्फ 7 मैचों में 252 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था।

### एशिया कप में 243 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट

वैभव ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 टी-20 में 4 मैचों में 59.75 की औसत और 243.87 के स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए थे। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 144 रन रहा। सूर्यवंशी ने इस सीरीज में एक शतक भी लगाया था। उन्होंने 20 चौके और 22 छक्के लगाए।

# जनगणना 2027 के तहत उपायुक्त ने की ऑनलाइन स्वगणना

**आमजन से प्रगणकों को सहयोग करने की अपील की**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्वगणना की प्रक्रिया संपन्न की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनगणना देश के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण में सहायक होते हैं। उपायुक्त ने आम नागरिकों से अपील की कि वे घर-घर जाकर आंकड़ा संकलन करने वाले प्रगणकों का सहयोग करें, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। साथ ही, अपने परिवार से संबंधित सभी जानकारियां सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। सभी के सहयोग से ही सटीक, पारदर्शी एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त किए जा सकते हैं। उपायुक्त ने जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक खालको, चार्ज ऑफिसर - बी.एस.सिटी सह सीओ चास श्री सेवा राम साहू को निर्देश दिया कि जनगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करें।

# डीडीसी ने चास के सुनता पंचायत स्थित ज्ञान केन्द्र का किया निरीक्षण

**व्यवस्था पर जताया संतोष, शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय बढ़ाने का दिया निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने चास प्रखंड अंतर्गत सुनता पंचायत स्थित ज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध अध्ययन व्यवस्था, पठन-पाठन का वातावरण, आमजन/विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। डीडीसी ने ज्ञान केन्द्र की व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों/आमजनों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में यह केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पंचायत सचिव अस्मिता कुमारी को निर्देश दिया कि ज्ञान केन्द्र के 02 किलोमीटर की परिधि में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक अध्ययनरत विद्यार्थियों को ज्ञान केन्द्र से जोड़ा जाए, ताकि विद्यार्थी नियमित रूप से यहां आकर अध्ययन कर सकें और इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि ज्ञान केन्द्रों के माध्यम से विद्यार्थियों/आमजनों में अध्ययन की रुचि बढ़ेगी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सामान्य शिक्षा के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध होगा। साथ ही पंचायत स्तर पर शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी ऐसे केन्द्र सहायक सिद्ध होंगे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) मो. सफीक आलम, बीडीओ चास प्रदीप कुमार, पंचायत सचिव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# विष्णु शर्मा की हत्या के दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हत्या के मामले में दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। एडीजे-1 दीपक बरनवाल की अदालत ने मुख्य आरोपी सनोज सिंह और उसके सहयोगी अजीत सिंह को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसकी जानकारी अपर लोक अभियोजक सर्वेश आनंद सिंह ने दी। अपर लोक अभियोजक के अनुसार, 19 मई 2023 को चास थाना क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी में विष्णु शर्मा की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विष्णु शर्मा फुदनीडीह गांव का निवासी था। आरोप था कि सनोज सिंह और अजीत सिंह ने उसे अपने शिवपुरी कॉलोनी स्थित घर पर शाम करीब 6 बजे बुलाया और वहां गोली मारकर हत्या कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में 13 गवाहों की गवाही कराई गई। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि इस कांड के अनुसंधानकर्ता अजय उपाध्याय ने बेहतर तरीके से जांच की, जिसके आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया। अदालत ने दोनों दोषियों को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा धारा 201 के तहत 7 साल और आर्म्स एक्ट के तहत भी 7 साल की सजा सुनाई गई है। करीब तीन साल पुराने इस चर्चित हत्याकांड में अदालत के फैसले के बाद मृतक के परिजनों ने संतोष जताया है।

# धनबाद अंचल कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गांधी सेवा सदन, रणधीर वर्मा चौक से 'जेल भरो आंदोलन' एवं आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे धनबाद जिला से हजारों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न मंच/मोर्चा संगठनों के प्रतिनिधि एवं आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित जनसभा से हुई, जहां उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने धनबाद अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं जनसमस्याओं को लेकर एक स्वर में अपनी आवाज बुलंद की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि कुछ भ्रष्ट पदाधिकारी राज्य सरकार की जनहितकारी छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं। धनबाद अंचल कार्यालय के विरुद्ध लगातार भारी संख्या में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे आम जनता त्रस्त एवं परेशान है। सभा में वक्ताओं ने धनबाद अंचलाधिकारी रामप्रवेश कुमार के हस्तांतरण तक आंदोलन जारी रखने का आव्हान किया। जनसभा के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ता शांतिपूर्ण ढंग से पदयात्रा करते हुए धनबाद थाना की ओर बढ़े। पूर्व में यह घोषणा की गई थी कि सभी कांग्रेसजन सामूहिक रूप से अपनी गिरफ्तारी देंगे, किन्तु पार्टी हाईकमान के निर्देश पर चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई तथा प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार निरंतर आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया । सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि जब तक भ्रष्ट अधिकारियों के मनमाने रवैये एवं जनविरोधी कार्यशैली में सुधार नहीं होगा, तब तक कांग्रेस पार्टी का आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। कार्यक्रम के उपरांत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी श्री नौशाद आलम से मुलाकात कर पूरे प्रकरण पर सार्थक वार्ता की तथा जनभावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को अन्याय एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करेगा और जनता को प्रताड़ित करेगा, तो उसके विरुद्ध लोकतांत्रिक एवं सांकेतिक आंदोलन करना जनता एवं राजनीतिक दलों का संवैधानिक अधिकार है। हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसे अधिकारियों के व्यवहार एवं कार्यशैली में तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी का आंदोलन और अधिक व्यापक रूप में जारी रहेगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव सोनू ने कहा कि युवा कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ इस आंदोलन में भूमिका निभाएगी तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी इस लड़ाई में युवा कांग्रेस पूरी ताकत के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के साथ खड़ी रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव सोनू, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव शमशेर आलम, अशोक सिंह, मदन महतो, मुख्तार खान, मनोज यादव, सीता राणा, आदित्य आनंद, जहीर अंसारी, आसिफ रजा, राजू दास, शाहिद कमर, कयूम खान, अवध नारायण प्रसाद, महेंद्र दुबे सोनू, दिनेश यादव, कालीचरण यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

## 22 से अधिक मामलों की डीपीआरओ ने की सुनवाई

**त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं (जनता दरबार) कार्यक्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) मो. सफीक आलम ने आम जनता की समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 22 से अधिक आवेदकों की समस्याओं/शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया गया। डीपीआरओ ने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र जांच कर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर हुई सुनवाई**

जनता दरबार में सहकारिता विभाग, स्थापना शाखा, चास अंचल, शिक्षा विभाग, राजस्व विवाद, सामाजिक सुरक्षा समेत विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए त्वरित समाधान की दिशा में पहल की गई। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण सहित अन्य उपस्थित थे।

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन को लेकर बोकारो जिला प्रशासन सख्त

**स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को बनाए सुदृढ़, उपायुक्त ने किया मॉनिटरिंग सेल का गठन**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 05 मई 2026 को पारित आदेश के अनुपालन तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**जिला ठोस अपशिष्ट मॉनिटरिंग सेल का गठन**

बैठक में उपायुक्त ने बताया कि उनके अध्यक्षता में जिला ठोस अपशिष्ट मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया। समिति में उप विकास आयुक्त को उपाध्यक्ष-सह-नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य, नगर निकाय, शिक्षा, परिवहन, पंचायत, जनसंपर्क, प्रदूषण नियंत्रण एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

**16 मई तक अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश**

उपायुक्त ने चास नगर निगम, फुसरो नगर परिषद तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सभी पंचायतों से संग्रह करते हुए निर्देश दिया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र-04 में अद्यतन प्रतिवेदन तैयार कर 16 मई 2026 तक जिला कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कहा कि प्रतिवेदन में प्रतिदिन उत्पन्न कचरे की मात्रा, घर-घर कचरा संग्रहण की स्थिति, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, कम्पोस्ट संयंत्र, पुराने अपशिष्ट की स्थिति, डम्पिंग यार्ड, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, बड़े अपशिष्ट उत्पादकों की सूची, उपयोगकर्ता शुल्क संग्रहण तथा जन जागरूकता गतिविधियों का विस्तृत विवरण शामिल हो।

**बड़े अपशिष्ट उत्पादकों की करें सूची तैयार**

उपायुक्त ने बड़े होटल, विवाह भवन, अपार्टमेंट, अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय एवं बड़े व्यावसायिक/औद्योगिक प्रतिष्ठानों सहित सभी बड़े अपशिष्ट उत्पादकों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही इन संस्थानों में स्रोत पर कचरा पृथक्करण, कम्पोस्टिंग एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित कराने को कहा। वहीं, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) को प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक कर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ ए बी प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, डीपीआरओ रवि कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास राम प्रवेश राम, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चंदन कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह, नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निगम के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल कोर्ट में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, 137 की हुई जांच



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 90 दिवसीय अवेयरनेस एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर सिविल कोर्ट धनबाद परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ राजीव सिंह, डॉ एचएन सिंह, डॉ मनोज कुमार व पैरामेडिकल स्टाफ ने एक ओर जहां न्यायिक पदाधिकारियों, सिविल कोर्ट कर्मचारी, पारा लीगल वॉलेंटियर, अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जांच की, वहीं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया गया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों को नियमित जांच, स्वच्छता, संतुलित आहार एवं बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी दी। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि शिविर में कुल 137 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जरूरतमंद लोगों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना एवं उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना बताया गया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार जिले में जन जागरूकता का कार्यक्रम कर रही है, जिसके तहत अनेकों तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### ऑनलाइन कारोबार के खिलाफ प्रस्तावित बंद में बोकारो के व्यवसाई भी होंगे शामिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑनलाइन दवाई की खरीद बिक्री के खिलाफ देश भर के दवाई कारोबारी 20 मई को हड़ताल पर जाएंगे। बोकारो के दवाई व्यवसायियों ने भी इसका समर्थन किया है। इसकी जानकारी बोकारो केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सचिव सुजीत चौधरी ने बोकारो में मीडिया से बात करते हुए दी है। उन्होंने बताया कि बोकारो में भी केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने एक दिवसीय दवा व्यापार बंद के समर्थन ने है।उन्होंने बताया कि अवैध ई-फामेर्सी, कॉरपोरेट कंपनियों की प्रिडेटरी प्राइसिंग और सरकारी अधिसूचनाओं के विरोध में यह बड़ा फैसला लिया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। बड़े-बड़े कंपनियों को दवाई कंपनियां अधिक डिस्काउंट दे रही है जिस कारण हम लोगों को काफी परेशानी हो रही है ऑनलाइन मार्केटिंग से डुप्लीकेट दवाई भी मार्केट में आ रहा है और बदनाम दवाई दुकानदार हो रहे हैं। सरकार को यह अल्टीमेटम है कि सरकार जल्द फैसला ले।

### जन शिकायत प्रभारी पदाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार प्रभारी जन शिकायत पदाधिकारी नियाज अहमद ने समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में नौकरी के नाम पर ठगी, बीसीसीएल में पुनर्वास तथा मुआवजा, पानी की समस्या, तालाब किनारे धार्मिक कार्य हेतु घाट निर्माण, बेघर को आवास व्यवस्था, किडनी फेल होने के कारण लोन चुकाने में असमर्थ, रैयती तालाब चौड़ीकरण के कारण आसपास के घर क्षतिग्रस्त, आम रास्ता तथा नाली का पानी रोकने, खाता संख्या में सुधार, होमगार्ड बहाली, पारिश्रमिक भुगतान में कटौती, आपसी विवाद, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य समेत विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नियमानुसार आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# एसएनए छऊ केन्द्र चंदनकियारी में तीन दिवसीय आवासीय मोहुरी कार्यशाला शुरू

**हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता : डॉ संजय**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के अधीनस्थ संगीत नाटक अकादमी (एस. एन. ए.) छऊ केन्द्र चंदनकियारी में तीन दिवसीय आवासीय मोहुरी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्लसटू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य भक्त रंजन महतो, छऊ केंद्र के संयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी, संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली से पधारे पर्यवेक्षक डॉ संतोष प्रसाद तथा एडवाइजरी कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। अपने संक्षिप्त संबोधन में डॉ संजय कुमार चौधरी ने मोहुरी वाद्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशहित में दिए गए ईंधन संरक्षण एवं ऊर्जा संचय संबंधी संदेश को भी उपस्थित लोगों के बीच साझा किया तथा सभी से ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस कार्यशाला में उड़ीसा से 10, सरायकेला झारखंड से 10, पुरुलिया पश्चिम बंगाल से 10 प्रतिभागियों सहित स्थानीय दो सरकारी विद्यालयों के 20 छात्र-छात्राओं ने भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को मोहुरी वादन का प्रशिक्षण देने हेतु उड़ीसा से टारजन गड़ई, पश्चिम बंगाल से जागरू कालिंदी तथा सरायकेला झारखंड से मिहिर लाल महतो जी विशेष रूप से उपस्थित हैं। कार्यक्रम में अवॉर्डी गुरु साधुचरण महतो, एडवाइजरी कमेटी के माननीय सदस्य हराधन महतो जी एवं एडवाइजरी कमेटी के पूर्व माननीय सदस्य पागुलु जेना जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के कर्मीगण दिलीप जेना, विजय कुमार एवं आशुतोष कुमार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री की परिकल्पना के विपरीत है श्री राम ईपीसी की कार्य प्रणाली : उप विकास आयुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा की। इस क्रम में बलियापुर फेज 1, मोहिलिडीह लटानी रूपण ग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा टुंडी फेज 1 जलापूर्ति योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि जलापूर्ति योजना का काम श्री राम ईपीसी वर्षों से कर रही है। बारंबार समय लेने और कर्मचारियों को पेमेंट नहीं करने से जलापूर्ति बाधित है। जिससे दोनों प्रखंड की बड़ी आबादी पेयजल से वंचित है। श्री राम ईपीसी की कार्य के प्रति लापरवाही एवं कार्यप्रणाली पर उप विकास आयुक्त ने कड़ी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने एजेंसी को साफ शब्दों में कहा कि हर हाल में दोनों प्रखंडों में आज के आज जलापूर्ति शुरू होनी चाहिए। कंपनी के डीजीएम को फटकार लगाते हुए कहा कि लापरवाही के कारण राज्य सरकार की बनी बनाई संपत्ति एवं राशि बर्बाद हो रही है। अगर यही रवैया रहा तो कंपनी पर सरकारी संपत्ति जबरन जब्त रखने की नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।उप विकास आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन कंपनी मुख्यमंत्री की परिकल्पना के विपरीत कार्यप्रणाली अपना रही है। उन्होंने डीजीएम को आज ही कर्मियों का बकाया भुगतान कर जलापूर्ति शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं बाघमारा फेज 2 में काम कर रही आदित्य आरव डेवलपमेंट कंपनी को योजना में विलंब करने के लिए कड़ी फटकार लगाई। कंपनी को 450 किलोमीटर पाइपलाइन लगानी थी। लेकिन अब तक केवल 20 किलोमीटर पाइप लाइन लगाई है। कंपनी के पास रॉ मैटेरियल भी नहीं है। कम मानव बल लगाकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम कर रही है। फटकार लगाते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की बड़ी पूंजी लगने के बाद भी लाखों ग्रामीण पानी के लिए परेशान है। यदि दोनों कंपनियों से काम नहीं हो रहा है तो वे सरेंडर कर दे। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने निरसा उत्तर एवं निरसा दक्षिण जलापूर्ति योजना, हर घर जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, गोबर गैस प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, शहरी जलापूर्ति योजना, ग्राम जल स्वच्छता समिति सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। ग्राम जल स्वच्छता समिति की समीक्षा के बाद उन्होंने सभी जल सहियाओं को 7 दिन में उनके पास जमा राशि समिति के बैंक अकाउंट में जमा कराने का निर्देश दिया।

# आईआईटी आईएसएम एवं आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन के बीच स्टार्टअप को बढ़ावा देने का करार



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्थान के सेंटर फॉर इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ने आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन के साथ एक रणनीतिक को-इनक्यूबेशन एग्रीमेंट किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य क्षेत्र में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देना है। सीआईआईई, आईआईटी (आईएसएम) संस्थान का समर्पित इनोवेशन और बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर है, जो छात्रों, शिक्षकों और शुरूआती उद्यमियों को उनके तकनीकी विचारों को सफल और व्यावसायिक रूप से व्यवहारिक स्टार्टअप में बदलने के लिए मार्गदर्शन, मेंटरशिप और जरूरी संसाधन उपलब्ध कराता है। वहीं, आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन, इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (आईएमआई), कोलकाता का स्टार्टअप इनक्यूबेशन और उद्यमिता प्रोत्साहन केंद्र है। यह एक सेक्शन 8 कंपनी है, जो विभिन्न क्षेत्रों के इनोवेटिव स्टार्टअप, एमएसएमई और स्वयं सहायता समूहों (रलऋ) को इनक्यूबेशन सपोर्ट देती है। इस समझौते के तहत आईकेएन इनोवेशन फाउंडेशन से जुड़े स्टार्टअप्स को आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में तकनीकी मेंटरशिप, रिसर्च गाइडेंस और लैब टेस्टिंग सुविधाएं मिलेंगी। वहीं सीआईआईई, आईआईटी (आईएसएम) से जुड़े स्टार्टअप्स को बिजनेस मेंटरशिप, इंडस्ट्री नेटवर्किंग, मार्केट एक्सेस और फंडिंग के अवसर मिलेंगे। डीन (इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप) प्रो. आलोक कुमार दास ने कहा, ह्ययह साझेदारी पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। आईआईटी (आईएसएम) की तकनीकी विशेषज्ञता और आईकेएन की बिजनेस क्षमताओं के साथ स्टार्टअप्स को बेहतर सहयोग मिलेगा, जिससे उनके इनोवेटिव आइडियाज को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की साझेदारियां नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और समाज व अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK